दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



अब ओटीटी पर आएगी रामचरण की 'पेड्डी'

ब्रेकअप की खबरें खारिज

वर्ष : 12 | अंक : 193 | लखनऊ, 07 जुलाई, मंगलवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

सहकारिता मंत्रालय के 5 साल पूरे

## शाह बोले- पीएम मोदी के फैसले से आंदोलन को मिला नया जीवन

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

सहकारिता मंत्रालय के पांच साल पूरे होने के मौके पर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने आज ही के दिन केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय को केंद्र सरकार में प्रस्तावित करने का काम किया था। सभी सहकारिता सदस्यों की ओर से पीएम का धन्यवाद करना चाहूंगा। पीएम के इस फैसले ने सहकारिता आंदोलन को नए चरण में ले जाने का काम किया है। 75 वर्षों में सहकारिता आंदोलन उपेक्षित रहा। इसे हमेशा दोयम दर्जे को जाना गया। लेकिन, पीएम ने इसे एक सदी तक आगे बढ़ाने का काम किया है और उनके एक फैसले से ही करोड़ों लोगों को फायदा पहुंचा है। सहकारिता मंत्रालय ने सहकारिता क्षेत्र को नया प्राण देने का काम किया है।

> अमित शाह ने कहा कि 75 वर्षों में सहकारिता आंदोलन उपेक्षित रहा। इसे हमेशा दोयम दर्जे का माना गया। लेकिन, पीएम ने इसे एक सदी तक आगे बढ़ाने का काम किया है और उनके एक फैसले से ही करोड़ों लोगों को फायदा पहुंचा है

**55** हजार समितियां गांव में सेवा का केंद्र बनीं

**3,000** करोड़ से पैक्स को कंप्यूटराइज किया

### हम राज्य सरकार के काम में दखल नहीं दे रहे, उनकी मदद कर रहे



केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह कई योजनाओं का शुभारंभ करते हुए

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि जब केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय का गठन किया जा रहा था, तब कई लोग इसका विरोध कर रहे थे। विरोधियों का कहना था कि सहकारिता मंत्रालय राज्य का विषय है। आज जब हमारा मंत्रालय पांच साल पूरा कर चुका है तो आज तक किसी भी विरोधी दल ने कोई विरोध नहीं किया। सहकारिता मंत्रालय ने यह साबित कर दिया है कि हम राज्य सरकार के काम में दखल देने के लिए नहीं, बल्कि उनकी मदद के लिए हैं।

### सभी पीएसी अब एक मॉडल बायलॉज में काम कर रहीं

अमित शाह ने कहा कि पूरे देश की प्राथमिक कृषि साख समित (पीएसी) अब एक ही मॉडल बायलॉज के तहत काम कर रही हैं। 300 विभिन्न गतिविधियों को 55,000 पैक्स के माध्यम से हम कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) सेवाएं दे रहे हैं। 39,000 पैक्स किसान समृद्धि केंद्र बन चुके हैं। 600 से अधिक पैक्स जन औषधि केंद्र बन चुके हैं। 75 पैक्स पेट्रोल और डीजल के खुदरा आउटलेट चला रहे हैं। 118 पैक्स जल आपूर्ति योजनाओं का रखरखाव कर रहे हैं। भारत सरकार ने 3,000 करोड़ रुपए खर्च करके पैक्स को कंप्यूटराइज करने का काम किया है।

### जैविक डीएपी से खेतों को होगा लाभ

शाह ने कहा कि हम शुगर और डेयरी क्षेत्र में 100% सर्कुलर इकोनॉमी ला रहे हैं। इसके माध्यम से डीएपी का विकल्प बनने वाला खाद तैयार होगा। यह देसी खाद डीएपी से सस्ता और गुणवत्ता में बेहतर होगा, जो खेतों को अधिक लाभ पहुंचाएगा। लगभग 20% कृषि ऋण, 35% उर्वरक वितरण, 31% चीनी उत्पादन आज सहकारिता के माध्यम से हो रहा है। सभी राज्यों के डेयरी फेडरेशनों से आग्रह करता हूं कि अगले दो वर्षों में दूध देने वाले किसानों की संख्या में कम से कम 35% की वृद्धि का लक्ष्य रखें।

### किसानों को शुद्ध बीज मिलेंगे

अमित शाह ने कहा कि बीज उत्पादन के क्षेत्र में हमने जो राष्ट्रीय सहकारी समिति स्थापित की है, वह आने वाले तीन वर्षों में भारत की सबसे बड़ी गैर-सरकारी बीज उत्पादन संस्था बनकर उभरेगी। इसके माध्यम से तीन उद्देश्यों पर कार्य किया जा रहा है: पहला- किसानों को शुद्ध एवं मिलावट-मुक्त बीज उपलब्ध कराना, दूसरा- अधिक उत्पादन देने वाली उन्नत बीज किस्मों का विकास और वितरण और तीसरा- भारतीय पारंपरिक बीजों का संरक्षण।

## खबर संक्षेप

### अदालत ने आरोपी निदा खान को जमानत दी



**नासिक।** नासिक की एक अदालत ने टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज की कर्मचारी निदा खान को यहां स्थित कंपनी की शाखा में कथित यौन उत्पीड़न और धर्मांतरण से जुड़े मामलों में से एक में सोमवार को जमानत दे दी। उसे गिरफ्तारी के करीब दो महीने बाद यह राहत मिली है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश केजी जोशी ने निदा खान को जमानत दी।

### सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकारी करूर भगदड़ की याचिका



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के चर्चित करूर भगदड़ मामले में सीएम विजय थलापति की सरकार की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। विपक्षी दल डीएमके की ओर से दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल सुनवाई की मांग स्वीकार कर ली है। अब इस मामले की सुनवाई मंगलवार को होगी। डीएमके के आरएस भारती ने याचिका लगाई थी।

### हादसे में सिपाही और ट्रक चालक की मौत



**कानपुर।** कानपुर के बर्रा इलाके में हुए हादसे में यातायात पुलिस में तैनात एक सिपाही और ट्रक चालक की मौत हो गई तथा एक अन्य कांस्टेबल गम्भीर रूप से घायल हो गया। अपर पुलिस आयुक्त विपिन ताडा ने जब दोनों पुलिसकर्मी मोटरसाइकिल से बर्रा मार्ग पर पहुंचे तभी ट्रक ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी।

### ताजमहल में मंदिर पर हाईकोर्ट ने जवाब मांगा



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 6 जुलाई को ताजमहल परिसर में तेजो महालय मंदिर होने के दावे से मामले में सर्वे के लिए एडवोकेट कमीशन नियुक्त करने की मांग में दाखिल याचिका पर सुनवाई की। जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए जवाब मांगा है।

भगवान बुद्ध की शिक्षाओं से लेकर भरतनाट्यम और कठपुतली के जरिए रामायण की प्रस्तुति का लिया आनंद

## जकार्ता में मोदी-मोदी के नारों के साथ भारतीयों के शानदार स्वागत से अभिभूत हुए प्रधानमंत्री

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

बोले, अपनी उपलब्धियों के जरिए विश्व के साथ देश के बंधन को मजबूत बनाने में प्रवासियों की अहम योगदान

इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में सोमवार को हुआ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जोरदार स्वागत हर मायने में अद्भुत कहा जा सकता है। जिसकी शुरुआत पीएम के विमान की इंडोनेशिया की हवाई सीमा में प्रवेश के साथ हुई। जहां इंडोनेशिया के लड़ाकू विमानों ने उनके विमान को आसमान में सुरक्षा घेरा यानी एस्कॉर्ट प्रदान किया। हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने स्वयं पहुंचकर पीएम मोदी की अगवानी की। जिसके बाद होटल पहुंचने पर वहां पहले से ही बड़ी तादाद में मौजूद प्रवासी भारतीय समुदाय के लोगों ने प्रधानमंत्री का बेहद गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। कक्ष में चारों ओर भारत माता की जय और मोदी-मोदी के नारे गूंजने लगे। अपनी कुछ एक्स पोस्ट के माध्यम से प्रधानमंत्री ने यह जानकारी दी है। यहां बता दें कि पीएम मोदी की इंडोनेशिया का कार्यक्रम 6 से 8 जुलाई तक रहेगा। जिसमें वह आगामी समय में राष्ट्रपति सुबियांतो के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक में भाग लेंगे। इसके अलावा कई अन्य कार्यक्रमों में भी वह शिरकत करेंगे।



### देश की प्रगति में प्रवासियों की गहरी निष्ठा

इंडोनेशिया में भारतीयों की कुल अनुमानित संख्या 1.4 लाख है। उनके जोरदार स्वागत को लेकर प्रधानमंत्री काफी अभिभूत नजर आए और उन्होंने कहा कि प्रवासियों का स्नेह व देश की प्रगति को लेकर उनकी अटूट निष्ठा हकीकत में प्रेरणादायक है। भारत का प्रवासी समुदाय अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी उपलब्धियों के जरिए दुनिया के साथ हमारे देश के बंधनों को सशक्त बनाने में लगे हुए हैं।

### यूं जीवंत हुई बुद्ध की शिक्षाएं

एक अन्य एक्स पोस्ट में पीएम ने विहार धर्म रत्न समूह के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत, त्रिरत्न को श्रद्धांजलि का उल्लेख किया। जिसमें समूह ने भगवान बुद्ध की कालातीत शिक्षाओं और त्रिरत्न में शामिल उनके गहन मूल्यों को प्रतिबिंबित किया था। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि इंडोनेशिया के लोगों द्वारा बौद्ध धरोहर की इस समृद्ध विरासत को बेहद उत्साह के साथ संरक्षित करने के अलावा यूं मनाए जाने के रूप में देखना हृदयस्पर्शी है। राजधानी जकार्ता में ही उन्होंने समन्वया समूह द्वारा प्रस्तुत किया गया भरतनाट्यम भी देखा। जिसे लेकर पीएम ने प्रसन्नता जाहिर की और कहा कि इन परंपराओं को भारत के इस मित्र देश में बेहद निष्ठा और उत्कृष्टता के साथ संरक्षित और प्रस्तुत किया जा रहा है।

### कठपुतली के जरिए देखी रामायण

एक पोस्ट में पीएम नरेंद्र मोदी ने इंडोनेशिया की अनमोल छाया कठपुतली परंपरा वायंग कुलिट का जिक्र किया और बताया कि यह एक आकर्षक प्रदर्शन था। जिसे मैंने देखा है। इसमें रामायण की कालातीत कहानी को जीवंत किया गया। मेरे लिए यह एक मार्मिक याद दिलाने वाला पल था। जिसमें साफ-साफ यह नजर आ रहा था कि हमारी यह साझा सभ्यतागत विरासत कैसे समुद्रों और पीढ़ियों के पार यात्रा करती है? साथ ही अपने शाश्वत मूल्यों को संजोए हुए स्थानीय रूपों में सुंदर अभिव्यक्ति ग्रहण करती हुई नजर आती है। प्रधानमंत्री ने प्रदर्शन में शामिल गणेश नाम की टीम को प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

भारत में ईरान के दूतावास ने एक्स पर पोस्ट के जरिए दी है यह प्रतिक्रिया

## खामेनेई के अंतिम संस्कार में शामिल हुए भारतीय दल के प्रति ईरान ने जताया आभार



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए बीते दिनों ईरान गए भारत सरकार के दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल से लेकर समाज के अन्य प्रतिनिधियों की भागीदारी की तेहरान ने सराहना की है। साथ ही इसके लिए भारत के प्रति आभार व्यक्त किया है। यह जानकारी नई दिल्ली में मौजूद ईरान के दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से दी है। जिसमें बताया कि भारत के समूचे प्रतिनिधिमंडल की ईरान के शहीद नेता अयातुल्ला खामेनेई के अंतिम संस्कार समारोहों में भाग लेने और श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए हार्दिक कृतज्ञता और सच्ची प्रशंसा व्यक्त करता है। ज्ञात हो कि खामेनेई की इसी साल अमेरिका, इजरायल के संयुक्त हवाई हमले में 28 फरवरी को मौत हो गई थी। जिसके बाद कई कारणों की वजह से लगातार उनका अंतिम संस्कार नहीं हो सका था। ईरान ने अब इसके लिए 4 से 9 जुलाई का वक्त तय किया है। जिसके लिए ईरानी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किया था। पीएम अपनी पहले से तय विदेश यात्रा की वजह से इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुई। जबकि भारत की तरफ से सर्वोच्च ईरानी नेता के अंतिम संस्कार में बिहार के राज्यपाल सैयद अता हसनैन और विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने शिरकत की थी। इनके अलावा कांग्रेस, पीडीपी सहित कुछ धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी व्यक्तिगत रूप इस कार्यक्रम में भाग लिया।

### प्रतिबिंबित हुए ऐतिहासिक संबंध

इन गंभीर समारोहों में राजनीतिक नेताओं, सांसदों, प्रसिद्ध विद्वानों, भारत के विभिन्न संप्रदायों और धार्मिक समुदायों के नेताओं की सम्मानित उपस्थिति ने हमारे दोनों देशों के बीच गहरे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और मानवीय बंधनों को प्रतिबिंबित किया है। जो कि ईरान के लोगों के प्रति राष्ट्रीय शोक के इस समय पर पारस्परिक सम्मान और सच्ची एकजुटता का एक मजबूत अभिव्यक्ति थी। ईरान के लोग इस मित्रता, करुणा तथा हार्दिक सम्मान के इशारे को कभी नहीं भूलेंगे। हम इसे भारत, ईरान के बीच लंबे वक्त से चली आ रही मित्रता को और अधिक मजबूत करने के लिए एक मूल्यवान आधार मानते हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का मोदी सरकार पर हमला

## कहा- भारत की वैश्विक साख को नुकसान पहुंचा रही हैं नीतियां

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार की विदेश, पर्यटन और पासपोर्ट संबंधी नीतियों पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2018 में भारतीय पासपोर्ट की बढ़ती ताकत और सम्मान का दावा किया था, लेकिन वर्तमान स्थिति उस दावे के विपरीत दिखाई देती है। सोशल मीडिया पर जारी अपने बयान में खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2018 में कहा था कि विदेश यात्रा करने वाले और विदेशों में रहने वाले लोग आज भारतीय पासपोर्ट की ताकत और सम्मान को महसूस करते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि ऐसा है, तो यह ताकत वैश्विक रैंकिंग में क्यों दिखाई नहीं देती?



### वैश्विक मानकों पर पिछड़ता भारत

कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के हवाले से एक वैश्विक पासपोर्ट रैंकिंग में भारत वर्ष 2013 में 74वें स्थान से जून 2026 में 80वें स्थान पर पहुंच गया है। वहीं, ग्लोबल सिटिजन सॉल्यूशंस की एक अन्य वैश्विक पासपोर्ट रैंकिंग में भारत को वर्ष 2026 में 125वां स्थान दिया गया है।

### पासपोर्ट बनाना हुआ और महंगा

खड़गे ने आरोप लगाया कि सरकार ने सेवाओं में सुधार करने के बजाय पासपोर्ट बनवाना और महंगा कर दिया है। उनके अनुसार सामान्य पासपोर्ट की फीस 1,500 से बढ़ाकर 2,500 कर दी गई है, जबकि तत्काल पासपोर्ट सेवा का शुल्क बढ़ाकर 5,000 कर दिया गया है।

### घट रहे हैं विदेशी पर्यटक

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भारत में विदेशी पर्यटकों की संख्या अभी तक कोविड-19 महामारी से पहले के स्तर तक नहीं पहुंच सकी है। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2019 में भारत आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या 1.093 करोड़ थी, जो वर्ष 2024 में घटकर 99.5 लाख रह गई। क्या सरकार इस कमी को छिपाने के लिए अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) के आगमन के आंकड़ों को विदेशी पर्यटकों के आंकड़ों के साथ जोड़कर पेश कर रही है। खड़गे ने भारत की आधिकारिक वीजा आवेदन वेबसाइट की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि देश की वीजा आवेदन प्रणाली आज भी पुरानी और जटिल प्रतीत होती है तथा यह आधुनिक भारत की छवि के अनुरूप नहीं है। 'अतिथि देवो भव' की भावना वाले देश में विदेशी पर्यटकों के लिए बेहतर और सरल डिजिटल व्यवस्था होनी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि यदि भारतीय पासपोर्ट की वैश्विक स्थिति कमजोर हुई है, विदेशी पर्यटन अभी तक पूरी तरह नहीं संभला है, वीजा सेवाएं संतोषजनक नहीं हैं और नागरिकों से अधिक शुल्क लिया जा रहा है, तो सरकार जिस वैश्विक सम्मान का दावा करती है, वह आखिर दिखाई कहां देता है।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग

## हरियाणा में 24 घंटे तक वेंटिलेटर न मिलने के कारण एक नवजात शिशु की मौत की रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लिया

> आयोग ने हरियाणा के मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी

हिसार और रोहतक जिलों के तीन अस्पतालों में ले जाने के बावजूद नहीं मिला था वेंटिलेटर

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने एक मीडिया रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लिया है, जिसके अनुसार हरियाणा के हिसार और रोहतक के अस्पतालों में लगभग 24 घंटे तक वेंटिलेटर सपोर्ट न मिलने के कारण एक नवजात शिशु की मौत हो गई।

रिपोर्ट के मुताबिक, नवजात के पिता ने अपने बच्चे के लिए वेंटिलेटर सपोर्ट जुटाने के लिए हिसार और रोहतक जिलों के एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल के चक्कर काटे, लेकिन वे सफल नहीं सके, जिसके परिणामस्वरूप शिशु की मृत्यु हो गई। आयोग ने टिप्पणी की कि समाचार रिपोर्टों की सामग्री, यदि सच है, तो ये मानवाधिकारों के उल्लंघन के गंभीर मुद्दे उठाती है। इसलिए आयोग ने हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। 3 जुलाई 2026 को प्रकाशित मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इस शिशु का जन्म 1 जुलाई 2026 को हिसार के सिविल अस्पताल में सीजेरियन ऑपरेशन के जरिये हुआ था और उसे तुरंत वेंटिलेटर सपोर्ट की आवश्यकता थी। जबकि उसकी मां सिविल अस्पताल में भर्ती रही, डॉक्टरों ने शुरूआत में नवजात शिशु को हिसार जिले के अग्रोहा स्थित मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया।

हालांकि, जब सिविल अस्पताल ने कथित तौर पर इस बात की पुष्टि की कि अग्रोहा में भी कोई वेंटिलेटर उपलब्ध नहीं है, बच्चे को रोहतक के पीजीआईएमएस रेफर कर दिया गया। पीजीआईएमएस में भी वेंटिलेटर न मिलने पर बच्चे को वापस हिसार लाया गया और एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## संक्षेप

### तीसरी मंजिल की छत का टीन शेड टूटने से मजदूर की नीचे गिरकर मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में रविवार रात करीब 11 बजे तीसरी मंजिल की छत पर सोने पहुंचा एक मजदूर टीन शेड टूटने से नीचे गिरकर घायल हो गया। उसे सरोजनी नगर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक उन्नाव जिले के बिहार थाना अंतर्गत कटरी भगवंत नगर निवासी सचिन कुमार (36) बंथरा के बनी स्थित वास्तु इंडिया लिमिटेड मुर्गी दाना फैक्ट्री के सर्वेंट क्वार्टर में रहकर फैक्ट्री में नौकरी करता था। रविवार रात करीब 11 बजे सचिन सोने के लिए तीसरी मंजिल पर जा रहा था। लेकिन तभी तीसरी मंजिल पर पहुंचने के दौरान टीन शेड पर पैर रखते ही टीन शेड टूट गई और वह तीसरी मंजिल से नीचे आ गिरा। उसके गिरने की आवाज सुनकर साथी मजदूरों ने आनन-फानन उसे पास के जुनाबगंज स्थित प्रसाद हॉस्पिटल पहुंचाया। लेकिन उसकी गंभीर हालत देख चिकित्सकों ने इलाज करने से मना कर दिया। इसके बाद उसे मेदांता हॉस्पिटल ले जाया गया। लेकिन वहां भी डॉक्टरों ने उसे भर्ती नहीं किया। तब उसे सरोजनी नगर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई कर रही है।

### डेटा सेंटर नीति-2026 को मंजूरी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश डेटा सेंटर नीति-2026 को मंजूरी दी गई। यह नीति 27 जनवरी 2026 को समाप्त हो गई थी, इसलिए सरकार नई उत्तर प्रदेश डेटा सेंटर नीति-2026 लेकर आई है। इसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश को ग्रीन, एआई-रेडी और वैश्विक प्रतिस्पर्धी डेटा सेंटर हब के रूप में विकसित करना है।

# एसडीएम अंकित शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर तहसील में सोमवार को एसडीएम अंकित शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में सड़क, भूमि विवाद, अवैध कब्जे, वरासत और तालाब पट्टा से संबंधित कई शिकायतें पहुंचीं। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को सभी मामलों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में बंथरा निवासी प्रदीप यादव ने शिकायत करते हुए बताया कि लखनऊ-कानपुर एलिवेटेड रोड निर्माण के दौरान क्षेत्र के कई संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त हो गए हैं। उनका आरोप था कि कार्यदायी संस्था पीएनसी इंफ्राटेक ने निर्माण कार्य पूरा होने के बाद भी इन मार्गों की मरम्मत नहीं कराई। बंथरा कस्बा, जहानाबाद, कौड़िया, उम्मेद खेड़ा, दादूपुर, अम्बरपुर और अन्य गांवों को जोड़ने वाले रास्तों की हालत खराब होने से स्कूली बच्चों, पैदल राहगीरों और साइकिल सवारों को परेशानी उठानी पड़ रही है। इसी तरह चंद्रावल निवासी बृजेश कुमार और गंगा प्रसाद ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। उनका कहना था कि कुछ लोग दबंगई के बल पर सड़क किनारे स्थित भूमि पर कब्जा कर निर्माण कराने का प्रयास कर रहे हैं। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना भी दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

वहीं लालनगर हरदोइया के जगदेव ने वरासत संबंधी विवाद उठाते हुए आरोप लगाया कि उनके पिता की भूमि गलत तरीके से दूसरे व्यक्ति के नाम दर्ज करा ली गई है। उन्होंने जमीन अपने नाम दर्ज कराने की मांग की। वहीं बंथरा के नानमऊ निवासी जयसिंह ने पुश्तैनी जमीन पर जबरन कब्जे और परिवार को धमकी दिए जाने की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इसके अलावा बिजनौर सहकारी मत्स्यजीवी समिति लिमिटेड द्वारा जैतीखेड़ा के तालाब का 10 वर्षीय पट्टा दिए जाने की मांग की गई, जबकि दूसरी ओर ग्रामीणों ने समिति पर बकाया लगान का आरोप लगाते हुए पट्टा निरस्त करने की मांग की। आज संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 148 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिसमें से 21 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। जबकि शेष अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधितों को आदेश दिए गए हैं।

# ससुराल पहुंचे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक युवक का शव उसकी ससुराल में एक पेड़ के नीचे संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। युवक के गले में गमछे का आधा हिस्सा बंधा था, जबकि उसका बाकी हिस्सा जामुन के पेड़ की डाल से बंधा लटक रहा था। पुलिस के मुताबिक पारा के हंस खेड़ा निवासी धर्मेंद्र यादव (32) अपनी पत्नी कुमकुम और छह माह की बेटी अदिति यादव के साथ पिछले करीब डेढ़ महीने से बंथरा क्षेत्र के मवई पड़ियाना गांव स्थित अपनी ससुराल मोहनलाल उर्फ कल्लू के घर में रह रहा था। वह आशियाना इलाके में एक वकील की निजी कार चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। रविवार दोपहर वह अपने घर हंस खेड़ा गया था और शाम को वापस ससुराल लौट आया। शाम को उसने अपनी छह माह की बेटी अदिति का जन्मदिन भी परिवार के साथ मनाया। समारोह में शामिल होने उसकी भांजी भी आई थी। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद रात में धर्मेंद्र बाइक से अपनी भांजी को परसादी खेड़ा छोड़ने गया था, लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। सोमवार सुबह उसकी सास आम बीनने के लिए बाग जा रही थीं, तभी घर से करीब 500 मीटर दूर जामुन के पेड़ के नीचे धर्मेंद्र का शव पड़ा मिला। मृतक के बड़े भाई जितेंद्र ने बताया कि मौके पर धर्मेंद्र के गले पर कसाव का स्पष्ट निशान नहीं था और उसकी बाइक भी वहीं खड़ी मिली। उन्होंने यह भी बताया कि मोबाइल कॉल डिटेल से पता चला कि धर्मेंद्र ने रात में कई बार ससुराल में फोन किया था, लेकिन किसी ने कॉल रिसीव नहीं की। पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में आत्महत्या का मामला लग रहा है। लेकिन उसने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और जांच पूरी होने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

# राजकीय कृषि बीज भंडार पर किसानों को बांटी गई मिनी कीट



किसानों को मिनी किट वितरित करते एटीएम

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद के अमानीगंज स्थित राजकीय कृषि बीज भंडार एवं कृषि रक्षा इकाई पर सोमवार दोपहर किसानों को खरीफ फसलों की मिनी किट का वितरण किया गया। कृषि विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को उन्नत गुणवत्ता के बीज उपलब्ध कराकर आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान किसानों को उड़द, अरहर, बाजरा तथा तिल की मिनी किट वितरित की गई। वितरण के समय कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को इन फसलों की वैज्ञानिक विधि से बुवाई, उचित बीज उपचार, समय पर सिंचाई, उर्वरकों के संतुलित उपयोग तथा कीट एवं रोग नियंत्रण के संबंध में भी आवश्यक जानकारी दी। अधिकारियों ने किसानों से सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ उठाने और अधिक उत्पादन के लिए उन्नत तकनीकों को अपनाने की अपील की। इस अवसर पर खंड तकनीकी सहायक विपिन कुमार, पीपीएस इंचार्ज दयाराम, गोदाम प्रभारी राहुल गुप्ता सहित विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया और मिनी किट प्राप्त कर कृषि विभाग की इस पहल की सराहना की। अधिकारियों ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण खेती को प्रोत्साहित करना है।

# डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती मनाई गई

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। सरोजनी नगर दक्षिण मंडल 3 में स्वर्गीय श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती के अवसर पर, बीजेपी के मण्डल कार्यालय तेलीबाग में मण्डल अध्यक्ष राजन मिश्रा मंडल प्रभारी विनोद सिंह, मंडल महामंत्री संतोष सिंह सेंगर, विनय सुदन, मंडल उपाध्यक्ष मोहन भट्ट, अपर्णा भारती,आशीष सिंह, मंडल मंत्री शेषनारायण दीक्षित, संजीव सिंह, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष सरला सिंह, पूर्व पार्षद पूनम मिश्रा, सेक्टर संयोजक गोवर्धन भट्ट, राजेश चावला, सुरेंद्र पांडे, जयश्री शर्मा, आराधना पांडे, बिनु मिश्रा, बृज किशोर शुक्ला, एसपी सिंह, नागेश सिंह, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मंडल संन्योजीका अर्चना बोहरा, बूथ अध्यक्ष हिमांशु शुक्ला, वीरेंद्र ठाकुर, धनेश्वर चन्द्र, नेहा उपाध्याय के साथ-साथ बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकताओं ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर देश के प्रति डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अविस्मरणीय योगदान को याद करते हुए मण्डल अध्यक्ष राजन मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रवाद का उनका सिद्धांत हमारे लिए हमेशा प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। कश्मीर के मुद्दे पर डॉ. मुखर्जी ने यह सवाल उठाया था कि एक देश में दो प्रतीक, दो संविधान और दो प्रधानमंत्री बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे और कभी भी बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने हिम्मत के साथ यह नारा बुलंद किया। मण्डल प्रभारी विनोद सिंह ने कहा वे राष्ट्रवादी विचारों के प्रबल समर्थक थे। डॉ. मुखर्जी के विचार, नेतृत्व और लेखन आज के समय में हमें बहुत प्रेरित करते हैं। देश की एकता और अखंडता के बारे में उनके विचार देश की सबसे बड़ी धरोहर हैं। मण्डल उपाध्यक्ष मोहन भट्ट ने कहा की राष्ट्रवाद ही बीजेपी की आत्मा है। आज देश बाहरी और आंतरिक सुरक्षा खतरों सहित कई चुनौतियों का सामना कर रहा है। हम जाति, धर्म, भाषा और लिंग के आधार पर भेदभाव किए बिना डॉ. मुखर्जी द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चलकर इन चुनौतियों का सामना करेंगे। हम हमेशा अपनी गौरवशाली संस्कृति और इतिहास से प्रेरणा लेंगे, विकास को अपना आधार बनाएंगे और आगे बढ़ेंगे। आज देश आर्थिक-सामाजिक और लैंगिक असमानता का सामना कर रहा है। हमें इन्हें दूर करना होगा और देश को मजबूत बनाने का संकल्प लेना होगा। यही डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# समाधान दिवस में एडीएम ने सुनी समस्याएं



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सोमवार को मलिहाबाद तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एडीएम की अध्यक्षता में हुआ। समाधान दिवस में माल नबीपनाह निवासी श्वेता सिंह ने शिकायती पत्र देकर बताया कि वह बेहद सामान्य वर्ग की कमजोर छात्रा है। जिनकी आय प्रमाण पत्र तहसील द्वारा 96 हजार जारी कर दी गई है। ईडब्ल्यूएस बनवाने के लिए काफी समय से तहसील के चक्कर काट रही है। लेकिन क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा उस पर रिपोर्ट लगाने से इनकार कर दिया गया। जिससे छात्रा काफी आहत है। वहीं साहिलामऊ तहसीन पत्नी नुसरत अली ने शिकायत पत्र देकर आरोप लगाया है कि। गांव के ही विपक्षी निजामुद्दीन, इरतिजा, रुखसार अपने घर के जानवरों को उसके घर के सामने मुख्य दरवाजे पर छोड़ देते हैं। वहीं रसूलाबाद निवासी गुडडू ने शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि रसूलाबाद गांव के किनारे लखनऊ हरदोई राजमार्ग के किनारे गाटा संख्या 153 जो कि ऊसर भूमि में दर्ज है जिस पर गांव के ही रंजीत, लवकुश, चंद्रशेखर उपरोक्त सुरक्षित भूमि पर अवैध तरीके से जबरन कब्जा कर निर्माण कर रहे हैं। जिसमें क्षेत्रीय लेखपाल की भी सहमति बताई जा रही है। इस मौके पर उपजिलाधिकारी अंकित कुमार, तहसीलदार, एसीप मलिहाबाद सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# पशुपालकों को मिलेगा सुरक्षा कवच, मुख्यमंत्री जोखिम प्रबंधन एवं पशुधन बीमा योजना को मंजूरी

- 60 करोड़ रुपये से लागू होगी बीमा योजना, 85 प्रतिशत प्रीमियम देगी सरकार और 15 प्रतिशत लाभार्थी का अंशदान

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री जोखिम प्रबंधन एवं पशुधन बीमा योजना (राज्य योजना) की कार्ययोजना एवं वित्तीय प्रावधान को मंजूरी दे दी गई। इस योजना का उद्देश्य प्रदेश के किसानों, पशुपालकों और डेयरी संचालकों को पशुओं की मृत्यु या दुर्घटना से होने वाले आर्थिक नुकसान से बचाना और उन्हें वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में इस योजना के संचालन के लिए 60 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। बीमा प्रीमियम का 85 प्रतिशत हिस्सा राज्य सरकार वहन करेगी।

पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन आजीविका का एक महत्वपूर्ण साधन है। अगर किसी वजह से पशु की मृत्यु हो जाती है या वह स्थायी रूप से काम करने योग्य नहीं रहता, तो इससे पशुपालक की आर्थिक स्थिति पर गंभीर असर पड़ता है। ऐसे संकट से बचाने के लिए राज्य सरकार ने इस नई योजना को मंजूरी दी है। योजना के तहत लघु एवं सीमांत किसान, भूमिहीन पशुपालक, डेयरी फार्म के पशुपालकों तथा अन्य पात्र पशुपालकों के पशुओं का बीमा कराया जाएगा।

यदि किसी पशु की महामारी, दैविक आपदा, आकस्मिक दुर्घटना के कारण मृत्यु हो जाती है या वह अनुपयोगी हो जाता है, तो बीमा के माध्यम से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। प्रदेश सरकार ने योजना में दावा निस्तारण की प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाया है। पशु की मृत्यु होने पर बीमा दावा स्वीकृत होने के बाद क्लेम की राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में भेजी जाएगी। वहीं, यदि कोई पशु स्थायी रूप से विकलांग (पीटीडी) हो जाता है, तो बीमा कंपनी बीमित राशि का 75 प्रतिशत तक भुगतान करेगी। इससे पशुपालकों को आर्थिक सुरक्षा मिलने के साथ-साथ पशुपालन और दुग्ध उत्पादन को भी बढ़ावा मिलेगा।

कैबिनेट से स्वीकृत प्रस्ताव में वित्तीय वर्ष 2026-27 में इस योजना के संचालन के लिए 60 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है। इस बजट के माध्यम से प्रदेश में कुल 2,28,350 पशुओं का बीमा कराया जाएगा। इनमें 1,86,800 पशुओं का बीमा सामान्य मद और 41,550 पशुओं का बीमा एससीएसपी कम्पोनेंट के अंतर्गत किया जाएगा। योजना के तहत बीमा प्रीमियम का 85 प्रतिशत हिस्सा राज्य सरकार वहन करेगी, जबकि 15 प्रतिशत राशि लाभार्थी को अंशदान के रूप में देनी होगी।

धर्मपाल सिंह ने बताया कि यूपी पशुधन की दृष्टि से देश का सबसे बड़ा प्रदेश है। जीडीपी के संदर्भ में पशुधन का राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में 5.50 प्रतिशत का योगदान है। प्रदेश में कृषि एवं संबंध क्षेत्र की कुल जीडीपी 30 प्रतिशत से अधिक है। पशुधन का इसमें विशेष योगदान है। मुख्यमंत्री जोखिम प्रबंधन एवं पशुधन बीमा योजना 75 जिलों में लागू होगी। राज्यांश 85 प्रतिशत और लाभार्थी का अंश 15 प्रतिशत होगा। योजना के तहत एक महीने के अंदर बीमा राशि का भुगतान बीमा कंपनी द्वारा कराया जाएगा। इस बीमा योजना से पशुपालकों को बड़ा लाभ होगा।

# शाहजहांपुर के जलालाबाद का नाम होगा 'परशुरामपुरी'

- अधिसूचना जारी होने के बाद प्रभावी होगा नाम परिवर्तन का निर्णय

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में जनपद शाहजहांपुर की नगर पालिका परिषद जलालाबाद क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा/नगर जलालाबाद का नाम परिवर्तित कर 'परशुरामपुरी' किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। इस निर्णय के साथ राज्य सरकार ने नगर की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पहचान के अनुरूप उसका नाम परिवर्तित करने का निर्णय लिया है। कैबिनेट के इस निर्णय से जनपद शाहजहांपुर के नगर जलालाबाद को 'परशुरामपुरी' के रूप में नई आधिकारिक पहचान प्राप्त होगी। अधिसूचना जारी होने के बाद नाम परिवर्तन का निर्णय प्रभावी हो जाएगा।

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि कैबिनेट के समक्ष प्रस्तुत प्रस्ताव में जनपद शाहजहांपुर की नगर पालिका परिषद जलालाबाद क्षेत्र के अंतर्गत स्थित कस्बा जलालाबाद का नाम 'परशुरामपुरी' किए जाने का प्रस्ताव रखा गया था। प्रस्ताव पर विचार करने के उपरांत मंत्रिपरिषद ने इसे स्वीकृति प्रदान कर दी। इस निर्णय के बाद संबंधित विभाग द्वारा नाम परिवर्तन के संबंध में आवश्यक प्रशासनिक एवं विधिक औपचारिकताएं पूरी की जाएंगी। इसके बाद सभी शासकीय अभिलेखों, विभागीय दस्तावेजों तथा अन्य आधिकारिक अभिलेखों में नगर का नाम निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार परिवर्तित किया जाएगा।

जनपद शाहजहांपुर स्थित नगर पालिका परिषद जलालाबाद क्षेत्रान्तर्गत कस्बा जलालाबाद भगवान परशुराम की जन्मस्थली के रूप में प्रसिद्ध है। पौराणिक कथाओं एवं विभिन्न ग्रंथों में भी इस स्थान का प्रमुखता से उल्लेख मिलता है। इसी ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व को देखते हुए जनप्रतिनिधियों तथा स्थानीय निवासियों द्वारा लंबे समय से नगर का नाम भगवान परशुराम के नाम पर 'परशुरामपुरी' किए जाने की मांग की जा रही थी। भारत सरकार द्वारा भी इस प्रस्ताव पर अनापत्ति प्रदान किए जाने के बाद राज्य सरकार ने नगर पालिका परिषद जलालाबाद क्षेत्रान्तर्गत नगर जलालाबाद का नाम परिवर्तित कर 'परशुरामपुरी' किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है।

## अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों को सीधी भर्ती में मिलेंगे अवसर

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में निर्णय लिया गया कि उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता सीधी भर्ती नियमावली-2022 में विभागों के चिह्नित पदों को नियमावली में शामिल किया जाएगा, जिससे अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों के सेवायोजन के लिए अधिक अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा खेल गतिविधियों को लगातार प्रोत्साहन, खेल अवसंरचना के विकास तथा खेलों के प्रति युवाओं की बढ़ती रुचि के परिणामस्वरूप अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों की भागीदारी और पदक प्राप्ति में निरंतर वृद्धि हुई है। इसी के दृष्टिगत खिलाड़ियों के सेवायोजन के लिए वर्तमान नियमावली में शामिल पदों एवं उनकी संख्या को और पर्याप्त बनाए जाने की आवश्यकता महसूस की गई। कैबिनेट के निर्णय के अनुसार संशोधित नियमावली के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों को विभिन्न विभागों के चिह्नित पदों पर नियुक्ति प्रदान की जाएगी। ये नियुक्तियां लोक सेवा आयोग की परिधि से बाहर रहेंगी।

# रायबरेली में उद्यान महाविद्यालय की स्थापना का रास्ता साफ

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में जनपद रायबरेली में उद्यान महाविद्यालय की स्थापना के लिए कृषि विभाग की 22 हेक्टेयर भूमि कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग को निःशुल्क हस्तांतरित किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। यह महाविद्यालय चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के अंतर्गत स्थापित किया जाएगा। इस निर्णय से प्रदेश में कृषि एवं उद्यान शिक्षा के विस्तार को नई गति मिलेगी।

उद्यान महाविद्यालय की स्थापना के लिए जिलाधिकारी रायबरेली द्वारा ग्राम पड़ेरा, परगना एवं तहसील सदर स्थित उपलब्ध भूमि चिन्हित की गई थी। कैबिनेट के निर्णय के अनुसार उपलब्ध 44.888 हेक्टेयर भूमि में से 22 हेक्टेयर भूमि कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग को निःशुल्क हस्तांतरित की जाएगी। इससे रायबरेली सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश में उद्यानिकी शिक्षा, अनुसंधान तथा आधुनिक कृषि तकनीकों के विकास को नई मजबूती मिलेगी। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर, आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय अयोध्या, बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय बांदा, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ तथा निजी क्षेत्र का सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिक एवं विज्ञान विश्वविद्यालय प्रयागराज में संचालित हैं। इसके अतिरिक्त पूर्वी उत्तर प्रदेश में कृषि गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुशीनगर की स्थापना की जा रही है। उन्होंने बताया कि चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के अंतर्गत रायबरेली में उद्यान महाविद्यालय की स्थापना का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इस परियोजना पर लगभग 50 करोड़ रुपये का व्यय अनुमानित है।

**त्रिस्तरीय पंचायती संस्थाओं के लिए वित्तीय प्रस्ताव स्वीकृत :** कैबिनेट बैठक में पंचायती राज्य संस्थाओं की वित्तीय आवश्यकताओं से संबंधित प्रस्ताव पर भी सहमति दी गई। इसके अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 में राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत तीनों स्तर की पंचायतों के लिए 14,988.50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसकी 10 प्रतिशत धनराशि यानी लगभग 1,498 करोड़ रुपये प्रशासनिक, परिचालन एवं रख-रखाव पर खर्च होंगे। इसी राशि में से 495.89 करोड़ रुपये पंचायत प्रतिनिधियों के मानदेय व बैठक भत्तों पर व्यय किए जाएंगे।

# पूर्व विधायक राजेश यादव रालोद में शामिल

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** गुन्नौर संभल से पूर्व विधायक राजेश यादव ने आज राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय कौशल विकास मंत्री चौधरी जयंत सिंह के समक्ष उनके नेतृत्व में आस्था जताते हुए राष्ट्रीय लोकदल में शामिल होने की घोषणा की।




उन्होंने अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के नेतृत्व में पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद केङ्क सीङ्क त्यागी मौजूद रहे। राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने बताया कि पूर्व विधायक राजेश यादव के पार्टी में शामिल होने से पूरे प्रदेश में दल को मजबूती मिलेगी और भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की विचारधारा को व्यापक स्तर पर पहुंचाया जा सकेगा। उक्त जानकारी रालोद राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने एक विज्ञप्ति में दी।

# चढ़ावा चोरी आस्था व श्रद्धा के साथ खिलवाड़ : अखिलेश

- सपा अध्यक्ष ने पत्रकारवार्ता कर श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी का उठाया मुद्दा

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि अयोध्या श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी से आस्था और श्रद्धा के साथ खिलवाड़ हुआ है। खजाना देख कर सत्ता में बैठे लोग अंधे हो गये है। उन्हें आस्था और श्रद्धा की परवाह नहीं है। ये सब बौरा गये है। भाजपाइयों के घपलों की वजह से अयोध्यावासियों को दुःख-दर्द सहना पड़ रहा है।

पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ पर आयोजित पत्रकारवार्ता में सोमवार को अखिलेश यादव ने कहा कि अयोध्या में चढ़ावा चोरी की घटना बहुत दुखद है। अयोध्या में जो घटना हुई है, उसका सम्पूर्ण विश्व के राम भक्त संज्ञान लें। दुनिया भर के सनातनी, अयोध्या के साधु संत, सर्वोच्च न्यायालय, लोकसभा अध्यक्ष, अयोध्या के सभी नागरिक और समस्त पीडीए समाज अयोध्या में चढ़ावा चोरी की घटना का संज्ञान ले।

उन्होंने कहा कि चढ़ावा, चंदा और दान चोरो का गिरोह जनाक्रोश का सामना नहीं कर पा रहा है। यह गिरोह डरा हुआ है इसीलिए चुपचाप बैठ गये हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा में सत्ता का संघर्ष चल रहा है। अगर चढ़ावा चोरी की जांच ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स करती तो जांच दिल्ली वालों के हाथ में होती रिपोर्ट उनके पास जाती, दिल्ली वाले जब तक सोचते तब तक लखनऊ वालों ने एसआईटी बना दी अब रिपोर्ट इनके पास आयेगी। अयोध्या में पैसे को देखकर ये सब बौरा गये है। सारी मयार्दाएं और लक्ष्मण रेखा पार कर गये हैं। एक सवाल के जवाब में अखिलेश यादव ने कहा कि चोरों को सब लोग चोर नजर आते हैं। सोशल मीडिया पर हमारे खिलाफ जो दुष्प्रचार चल रहा है सपा के कार्यकर्ता उस पर एफआईआर लिखायेंगे।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में अन्याय, अत्याचार, भ्रष्टाचार चरम पर है। अत्याचार की सारी सीमाएं पार हो गयी है। भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस केवल इस सरकार का नारा है। हर विभाग और हर काम में भ्रष्टाचार है। कोई क्षेत्र भ्रष्टाचार और लूट से अछूता नहीं है। भ्रष्टाचार से पूरा प्रदेश त्रस्त है। उन्होंने कहा कि लखनऊ में सिविल हॉस्पिटल को अच्छा बनाने के लिए सपा सरकार में सूचना विभाग की बिल्डिंग हॉस्पिटल के लिए खाली करायी गयी, लेकिन भाजपा सरकार ने दस साल में कुछ नहीं किया। सपा सरकार में लखनऊ के सिविल हॉस्पिटल और बलरामपुर हॉस्पिटल को विश्वस्तरीय बनाएंगे, सभी सुविधाएं की जाएंगी।

अरूणाचल प्रदेश में सीमा पार चीन के अतिक्रमण को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि सीमा पर चीन का खतरा बढ़ता जा रहा है। आजादी के पहले और आजादी के बाद चीन ने भारत की सबसे ज्यादा जमीन छीनी है। सीमा पर सबसे ज्यादा उल्लंघन चीन की सेना ने किया है लेकिन सरकार चुप है।

# संक्षेप

## संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध का पड़ा मिला शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में एक वृद्ध का शव गंगा किनारे खंती में मिला है। रविवार शाम को बकरी चराने गए वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। जानकारी के अनुसार, गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फत्तेपुर मजरा रौतापुर निवासी 65 वर्षीय राजा पासी पुत्र स्व. कुंजा पासी रविवार शाम को घर से बकरियां चराने के लिए निकले थे। काफी देर तक घर वापस न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। देर रात ग्रामीणों ने हाजीपुर के पास गंगा किनारे स्थित एक खंती में एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा, जिसकी पहचान राजा पासी के रूप में हुई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। हाजीपुर चौकी पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और निरीक्षण किया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जानकारी में आशंका जताई जा रही है कि बकरियां चराने के दौरान वृद्ध का पैर फिसल गया और वह खंती में गिर गए, जिससे उनकी मौत हो गई। घटनास्थल पर किसी प्रकार के संघर्ष या अन्य संदिग्ध परिस्थितियों की तत्काल पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।सोमवार दोपहर करीब एक बजे मोर्चरी हाउस पहुंचे परिजनों ने बताया कि मृतक अपने पीछे चार पुत्रों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। गंगाघाट कोतवाली प्रभारी अजय सिंह ने जानकारी दी कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मौत का वास्तविक कारण रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। जांच के दौरान कोई अन्य तथ्य सामने आने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिला महिला का शव, पुलिस शिनाख्त में जुटी


अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार मौरांवा रोड पर बिहार थाना क्षेत्र के मलौना तिराहे के आगे एक महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में झाडियों में पडा मिला।स्थानीय लोगों ने हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका व्यक्त कर पुलिस को सूचना दी है। सूचना पाकर पहुंची बिहार थाना पुलिस शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त में जुट गयी है।

मिली जानकारी के मुताबिक बिहार मौरांवा मार्ग पर थाना क्षेत्र के मलौना तिराहे के आगे एक महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में सोमवार की शायं करीब तीन बजे झाडियों में पडा मिला ।स्थानीय लोगों ने हत्या की आशंका व्यक्त कर बिहार थाना पुलिस को सूचना दी है। सूचना पाकर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त में जुट गयी है। बिहार थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि महिला लाल रंग की टी शर्ट व छीट का हरे रंग का लोवर पहने है। उम्र लगभग चालीस के आस पास है। शव के शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। शिनाख्त के बाद ही मामले की सही जानकारी मिल पायेगी।

# मजदूर यूनियन के पदाधिकारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। भारतीय किसान मजदूर यूनियन राष्ट्रवादी के पदाधिकारियों ने सोमवार दोपहर दो बजे कलेक्ट्रेट पहुंचकर सिटी मजिस्ट्रेट मनोज सिंह को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को उठाया, जिनमें सिंचाई के लिए नहरों में पानी, ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध बिजली आपूर्ति, आवारा पशुओं से फसलों की सुरक्षा और खराब सड़कों का निर्माण शामिल था। संगठन के जिला अध्यक्ष मोहनलाल यादव के नेतृत्व में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। मंडल अध्यक्ष उदय राज सिंह ने बताया कि यूनियन हर महीने जिला कार्यकारिणी की बैठक के बाद किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाती है। इस बार भी जिले के विभिन्न क्षेत्रों से मिली समस्याओं को संकलित कर ज्ञापन के जरिए प्रशासन को अवगत कराया गया है।उदय राज सिंह ने बताया कि जिले के अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में नहरों में पर्याप्त पानी नहीं छोड़ा जा रहा है, जिससे धान की रोपाई और खरीफ फसलों की तैयारी प्रभावित हो रही है। लगातार बिजली कटौती के कारण किसान खेतों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। कई गांवों में घंटों बिजली गुल रहती है, और टूटे हुए बिजली के तारों को कई दिनों तक ठीक नहीं किया जाता, जिससे किसानों को परेशानी हो रही है। आवारा पशु भी किसानों के लिए एक बड़ी समस्या बने हुए हैं। सरकार द्वारा गौशालाओं की व्यवस्था के बावजूद, बड़ी संख्या में निराश्रित पशु खेतों में घूमकर तैयार फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। ज्ञापन में घाटमपुर से पांडेपुर तक जाने वाली जर्जर सड़क के निर्माण की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। यह मार्ग कई गांवों को जोड़ता है और इसकी खराब स्थिति के कारण ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सिटी मजिस्ट्रेट मनोज सिंह ने ज्ञापन प्राप्त किया और किसानों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। मंडल अध्यक्ष के अनुसार, सिटी मजिस्ट्रेट ने संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देने की बात कही। विशेष रूप से घाटमपुर-पांडेपुर मार्ग के संबंध में उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराने तथा बिछिया विद्युत उपकेंद्र क्षेत्र की बिजली संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से कार्रवाई कराने का भरोसा दिलाया। किसान नेताओं ने कहा कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो संगठन आगे भी किसानों के हित में लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन जारी रखेगा।

# युवती को बहला फुसलाकर ले जाने वाला आरोपी युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। पुलिस ने एक युवती को बहला-फुसलाकर भगाने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। यह कार्रवाई जनपद में अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अजगैन थाना पुलिस ने की। यह मामला 25 जून 2026 को पीड़िता के परिजनों की तहरीर पर अजगैन थाने में दर्ज किया गया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाया गया है। इसके बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। मुकदमा अपराध संख्या 281/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 137 (2) और 87 के तहत मामला दर्ज किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उन्नाव के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए, उपनिरीक्षक मोहम्मद कल्लन ने अपनी टीम के साथ 5 जुलाई 2026 को आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी कानपुर-लखनऊ हाईवे स्थित अजगैन बाजार कट के पास से हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मंजीत (21 वर्ष) पुत्र मेघनाथ के रूप में हुई है, जो ग्राम सराय इंदल, थाना अजगैन, जनपद उन्नाव का निवासी है। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक मोहम्मद कल्लन के साथ हेड कांस्टेबल संजेश कुमार और महिला कांस्टेबल शिवानी सिंह सोलंकी शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच नियमानुसार जारी है और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्नाव पुलिस ने यह भी बताया कि महिलाओं और बालिकाओं से जुड़े अपराधों के प्रति संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की जा रही है। ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई कर आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा रही है, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे और पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके।

# सफाई कर्मियों की मनमानी से नालिया हुई कीचड़ से लबालब

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। तहसील दिवस में विकासखंड सुमेरपुर की कई पंचायत में सफाई कर्मियों की चल रही मनमानी के चलते नालिया बदबूदार पानी व कीचड़ से पटीपड़ी है। संक्रामक रोगों के रोकथाम के अभियान के बीच सफाई कर्मियों के लिए नियंत्रित करने के एडीओ पंचायत ब्लॉक मुख्यालय से लापता है। ग्रामीणों की शिकायत को कोई भी तव्वजो नहीं मिल रही है। तहसील मुख्यालय ग्राम पंचायत पाटन में आलम यह है कि तहसील के आसपास की नालियां की बज बजा रही हैं और सफाई साफ नहीं हो रही है। ग्राम प्रधान कुलदीप चौधरी का कहना है कि ब्लॉक में एडीओ पंचायत मिलते नहीं और सफाई कर्मी सुनते नहीं है। भाजपा कार्यकर्ता आशीष कुमार सविता ने तहसील दिवस पर लिखित शिकायत देकर मिल्लीपुर गांव में सफाई कर्मी द्वारा कोई भी कार्य न किए जाने की शिकायत की ।बीडीओ ने डीपीआरओ से बातचीत कर सफाई कर्मियों बढ़ रही शिकायतों की जानकारी दी। बीडीओ पंकज गौतम ने बताया कि 7 मई एडीओ पंचायत अनिल राणा का स्थानांतरण कर दिया गया था तब से ब्लाक मुख्यालय पर कोई एडीओ पंचायत नहीं है। जिससे सफाई कर्मियों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो रहा है। डीपीआरओ श्रीकांत यादव ने बताया कि उन्हें विकासखंड सुमेरपुर की शिकायतें मिली हैं वह उन पर जानकारी करके निराकरण करेगें।

# छात्र छात्राओं को पॉक्सो अधिनियम जैसे कानून की दी जाएगी जानकारी

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं अब किताबी ज्ञान के साथ-साथ पॉक्सो अधिनियम जैसे महत्वपूर्ण कानून की भी जानकारी प्राप्त करेंगे। बच्चों की सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभाग ने इस विषय को अपने अकादमिक कैलेंडर में विशेष स्थान दिया है ।कंपोजिट स्कूल रनियामऊ के शिक्षक अमित तिवारी ने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार पॉक्सो अधिनियम से संबंधित जागरूकता को अकादमिक कैलेंडर में शामिल किया गया है ।इसका उद्देश्य बच्चों को उनकी आयु के अनुरूप संवेदनशील तरीके से आत्मरक्षा, व्यक्तिगत सुरक्षा और उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। पाठ्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को सुरक्षा के व्यावहारिक पहलुओं की भी विस्तृत जानकारी दी जाएगी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार बच्चों को गुड टच और बैड टच के बीच का अंतर समझाया जाएगा। साथ ही उन्हें अपनी बॉडी बाउंड्री (शारीरिक सीमाओं) के प्रति सजग रहने, किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या व्यवहार की पहचान करने तथा किसी असहज स्थिति में शिक्षक, अभिभावक या संबंधित हेल्पलाइन की सहायता लेने के तरीकों की जानकारी भी दी जाएगी। इस पहल का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें अपनी सुरक्षा के प्रति अधिक जागरूक बनाना है।

# डलमऊ बी पंप नहर हुई चालू किसानों में खुशी की लहर

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बीघापुर तहसील क्षेत्र स्थित ग्राम डौडिया खेड़ा में डलमऊ बी पंप नहर को चालू कर दिया गया है। भगवंत नगर के विधायक आशुतोष शुक्ला की पहल पर नहर सुचारू रूप से चालू हो गयी है। नहर के चालू होने से क्षेत्र के किसानों को फसलों की सिंचाई में आ रही समस्याओं से राहत मिली है। किसान काफी समय से सिंचाई के लिए नहर के पानी पर निर्भर थे, लेकिन तकनीकी और विभागीय कारणों से नहर बंद पड़ी थी। विधायक शुक्ला ने सिंचाई विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक कर नहर को तत्काल चालू कराने के निर्देश दिए थे ।दूसरी तरफ किसान यूनियन सावित्री गुट के पदाधिकारी डॉ बृजेन्द्र सिंह 'राजू' ने भी नहर चालू न होने पर उच्च अधिकारियों को अवगत करा चिंता जताई थी। डलमऊ बी पंप पर पहुँचे विधायक सुपुत्र परिमल शुक्ला ने कहा, ₹किसानों की उन्नति



ही हमारे क्षेत्र की प्रगति का आधार है। डलमऊ बी पंप नहर का चालू होना क्षेत्र के अन्नदाताओं के प्रति हमारा दायित्व है। हम भविष्य में भी किसानों की हर समस्या के समाधान के लिए तत्पर रहेंगे।

# ग्राम विकास अधिकारी संघ एसोशिएसन ने की बैठक

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। नवाबगंज ग्राम विकास अधिकारी संघ (एसोसिएशन) जनपद उन्नाव की बैठक सोमवार को नवाबगंज पक्षी विहार में जिला अध्यक्ष शिवदत्त तिवारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिले के विभिन्न विकास खंडों से पहुंचे ग्राम विकास अधिकारियों ने विभागीय समस्याओं पर चर्चा करते हुए उनके समाधान के लिए सामूहिक रणनीति बनाई।

बैठक में फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी और सीएम डैशबोर्ड से जुड़े कार्यों के बढ़ते दबाव पर चिंता जताई गई। अधिकारियों ने कहा कि संतृप्त किसानों की सूची उपलब्ध कराए बिना प्रतिदिन लक्ष्य तय किए जाने से नियमित पंचायत कार्य प्रभावित हो रहे हैं। फैमिली आईडी के संबंध में पूर्ति विभाग से राशन कार्ड धारकों का पूरा विवरण उपलब्ध कराने की मांग उठाई गई, ताकि छूटे परिवारों का पंजीकरण बेहतर ढंग से हो सके। पंचम एवं 15वें वित्त आयोग की धनराशि के व्यय संबंधी लगातार बदल रहे दिशा-निर्देशों पर भी असंतोष व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने कहा कि इससे कर्मचारियों के मानदेय, गौशाला संचालन, पेयजल व्यवस्था समेत आवश्यक मदों के लिए धन की कमी हो सकती है। पब्लिक एड्रेस सिस्टम की गुणवत्ता और मानकों की स्पष्ट जानकारी न होने तथा लेखा परीक्षा विभाग द्वारा अभिलेखों के प्रारूप में बार-बार बदलाव, कथित उत्पीड़न और अवैध वसूली जैसे मुद्दों पर भी रोष जताया गया ।बैठक में आकाश शुक्ला को सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष तथा अमरेश मिश्रा को मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया। साथ ही ग्राम विकास अधिकारियों के नए पद सृजित करने, अंतर्जनपदीय स्थानांतरण नीति लागू करने और सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) के पदों पर ग्राम विकास अधिकारी संवर्ग को कोटा दिए जाने की मांग दोहराई गई। बैठक में डोंगल एक्सपायर, वेतन भुगतान, ओपनिंग बैलेंस, ऑडिट प्रक्रिया, पंचायत भवनों के कार्य, आंगनबाड़ी केंद्रों के टेंडर और विभागीय समन्वय सहित कई अन्य समस्याओं पर भी चर्चा हुई। सभी प्रमुख मुद्दों को शासन स्तर तक उठाने का निर्णय लिया गया।

# डीएम व एसपी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। तहसील में जन समस्याओं के निस्तारण के लिए संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी घनश्याम मीणा और पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने शिकायतें सुनीं। कुल 336 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से जिलाधिकारी ने मौके पर 42 का निस्तारण किया। सर्वाधिक शिकायतें राजस्व और दबंगों द्वारा भूमि पर अवैध कब्जे से संबंधित थीं। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं। संपूर्ण समाधान दिवस में मेला रामकुंवर निवासी रामसिंह ने अपनी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत की। रामसिंह ने बताया कि उनकी भूमि संख्या 690/1 के 1/3 भाग (रकबा 0.1667) पर गांव के कुछ दबंग जबरन गेस्टहाउस बनवा रहे हैं। पीड़ित रामसिंह का आरोप है कि दबंग उन पर जमीन का बैनामा करने के लिए दबाव बना रहे हैं और उन्हें जानमाल का खतरा है।



# महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कृष्णा नगर निवासी 32 वर्षीय सोनी पत्नी गोविंद ने सोमवार दोपहर करीब 12:30 बजे अपने कमरे में सीढ़ी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सोनी स्थानीय गोकुल बाबा फैक्ट्री में कार्यरत थीं, जबकि उनके पति गोविंद हरियाणा के फरीदाबाद में एक निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। घटना के समय वह घर पर मौजूद नहीं थे। परिजनों ने बताया कि सोमवार दोपहर तक जब सोनी अपने कमरे से बाहर नहीं निकलीं, तो उनके जेठ गोपाल को चिंता हुई। उन्होंने कई बार आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। कमरे में जाकर देखने पर सोनी फंदे से लटकी मिलीं। यह देखकर परिवार में चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। घटना की सूचना तत्काल गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी गई। बिंदा नगर चौकी प्रभारी लक्ष्मीकांत पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, आवश्यक साक्ष्य जुटाए। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका के पति को भी सूचना दे दी गई है। मृतका के मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगाया है, हालांकि प्रारंभिक जांच में किसी तरह के संघर्ष या बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों से पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। यदि जांच में कोई अन्य तथ्य सामने आते हैं, तो उसी के अनुरूप विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम ने आईसीडीएस विभाग द्वारा चलाया जा रहा अभियान

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। जिलाधिकारी घनश्याम मीना जी द्वारा बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग (आईसीडीएस) की ओर से कुपोषण के खिलाफ एक जुलाई 2026 से शुरू होकर 03 माह तक चलने वाले 'संभव अभियान' के तहत तहसील परिसर बांगरमऊ में आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिकाओं द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने कहा अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं और बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, पोषण व नियमित टीकाकरण के प्रति जन-जागरूकता फैलाना है।

साथ ही गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं, किशोरियों एवं छह वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं समुचित देखभाल के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा पात्र लाभार्थियों तक विभागीय सेवाओं और योजनाओं का प्रभावी लाभ पहुंचाना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि अभियान के दौरान पोषण, नियमित स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, एनीमिया की रोकथाम तथा संतुलित आहार के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों से अभियान को पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ संचालित करने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए। इस अवसर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह उप जिलाधिकारी बांगरमऊ जिला कार्यक्रम अधिकारी , सहित अन्य आईसीडीएस विभाग के अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# तय तारीख पर पुत्री की नहीं आई बारात पीड़ित पिता ने दिया शिकायत पत्र

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। सादी तय होने के बावजूद भी नियत तिथि पर बारात ना पहुंचने से आहत पिता कार्यक्रम हुए नुकसान व दहेज में दिए रुपए पाने के लिए न्याय हेतु प्रशाशन के चक्कर लगता फिर रहा है फिलहाल अभी तक उसे न्याय मिलता नहीं दिख रहा है।

बांगरमऊ के गांव रतई पुरवा निवासी प्रकाश पुत्र पूरन ने जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस के मौके पर प्रार्थना पत्र देकर कहा है उसने अपनी पुत्री पूजा की सादी हरदोई जनपद के बिलग्राम थानाक्षेत्र अंतर्गत गांव बिरनी निवासी रिश्तेदारी के ही पंकज पुत्र गोविंद के साथ तय किया था पिता का कहना है

बारात से पहले ही वर पक्ष ने उससे कई लोगो के सामने 5 लांख की नगदी भी ली किंतु नियत तिथि 29 जून को मध्य रात तक जब बारात नहीं पहुंची तो पता करने पर ज्ञात हुआ कि लड़के की प्रेमिका उसे पुलिस को पकड़वा दिया जिससे बारात नहीं आएगी।

पिता ने कहा है बारात स्वागत व खानपान के दौरान उसका तीन लांख रुपए का नुकसान हुआ है साथ ही उनके मान सम्मान को ठेस पहुंची साथ ही समाज में भी मानहानि हुई है ।साथ ही समझौता आदि के दौरान वर पक्ष द्वारा 5 लांख लौटने की बात कही थी। पीड़ित ने कहा अब उल्टे उसे जानमाल की धमकी मिल रही है ।पीड़ित ने जांचोपरांत कार्यवाही की मांग की है।

# ससुराल आए युवक को साढू ने लाठी से पीटा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के पना पुर गांव ससुराल आए युवक ने पत्नी से साथ चलने के लिए कहा जिसका साढू ने बिरोध किया इसी बात को लेकर दोनों के बीच बिवाद होने लगा जिस पर साढू ने लाठी से हमला कर दिया जिससे वह गभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्रवाई की बात कही है।

माखी थाना क्षेत्र के भदेउना गांव निवासी नमीशेर पुत्र जमीशेर रविवार की शाम आसीवन थाना क्षेत्र के पनापुर गांव ससुराल पत्नी को लेने के लिए गया था सोमवार पत्नी से साथ चलने के लिए कहा तो जिस पर साढू सिरताज ने नमीशेर की पत्नी को जाने से मना किया इस पर दोनों के बीच बिवाद होने लगा तो सिरताज ने लाठी डंडे से हमला कर दिया जिससे वह गभीर रूप से घायल हो गया इस सम्बंध में थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## सम्पादकीय

# आरोप की बजाय पुख्ता सबूत पेश करे विपक्ष

देश के 23 विपक्षी दलों और एक निर्दलीय सांसद द्वारा चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए भारत के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखना लोकतांत्रिक व्यवस्था का हिस्सा है। किसी भी राजनीतिक दल को चुनावी प्रक्रिया पर संदेह होने पर अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है, लेकिन लोकतंत्र केवल आरोपों से नहीं चलता, बल्कि तथ्यों, साक्ष्यों और संवैधानिक प्रक्रियाओं पर टिका होता है। यदि विपक्ष को वास्तव में लगता है कि चुनावी प्रक्रिया प्रभावित हुई है, मतदाता सूची में गंभीर अनियमितताएं हुई हैं या चुनाव आयोग ने पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया है तो इन आरोपों को केवल राजनीतिक मंचों तक सीमित रखने के बजाय न्यायालय में ठोस प्रमाणों के साथ प्रस्तुत करना चाहिए। उन्हें आरोप लगाकर सस्ती लोकप्रियता हासिल करने की बजाय न्यायालय में चुनावी याचिका दायर करनी चाहिए। बता दें कि विपक्षी दलों खासकर इंडिया ब्लॉक ने एसआईआर प्रक्रिया और चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल उठाते हुए न्यायिक जांच और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली की समीक्षा की मांग की है। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि चुनावी लोकतंत्र की रक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप जरूरी है। हालांकि सवाल यह है कि यदि विपक्ष के साथ धोखा हुआ है या चुनाव में गड़बड़ी हुई तो वह सुप्रीम कोर्ट में चुनावी याचिका लेकर क्यों नहीं गया। लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष होना जरूरी है। विपक्ष की भी उतनी ही बात सुनी जाए, जितनी सरकार की सुनी जाती है। लोकतंत्र में चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता सर्वोपरि है। यदि इन संस्थाओं पर गंभीर आरोप लगाए जाते हैं, तो उनका असर केवल सरकार या विपक्ष तक सीमित नहीं रहता, बल्कि जनता के चुनावी व्यवस्था पर विश्वास को भी प्रभावित करता है। इसलिए ऐसे आरोप बेहद जिम्मेदारी के साथ लगाए जाने चाहिए। बिना पर्याप्त साक्ष्य के बार-बार संस्थाओं की निष्पक्षता पर सवाल उठाने से लोकतांत्रिक व्यवस्था कमजोर होती है और मतदाताओं के मन में अनावश्यक भ्रम पैदा होता है। विपक्ष ने जिन राज्यों में भाजपा जीती है, उनमें गड़बड़ी का जिक्र किया है लेकिन तमिलनाडु और केरल का जिक्र नहीं किया। क्योंकि वहां कांग्रेस को जीत मिली है। ऐसे में केवल पत्र लिखने या राजनीतिक बयान देने के बजाय कानूनी प्रक्रिया का सहारा लेना अधिक प्रभावी और विश्वसनीय कदम होगा। दूसरी ओर, चुनाव आयोग की भी जिम्मेदारी कम नहीं है। आयोग को केवल निष्पक्ष होना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि उसका हर निर्णय निष्पक्ष दिखाई भी देना चाहिए। मतदाता सूची के पुनरीक्षण, एसआईआर जैसी प्रक्रियाओं और चुनावी प्रबंधन में अधिकतम पारदर्शिता, स्पष्ट संवाद और समयबद्ध जवाबदेही आवश्यक है। इससे अनावश्यक विवादों और राजनीतिक अविश्वास की गुंजाइश कम होगी। लोकतंत्र सरकार और विपक्ष दोनों के संतुलन से चलता है। सीजेआई को पत्र लिखना न्यायिक रूप से दबाव डालने की कोशिश मानी जा सकती है, विपक्ष के पत्र पर वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल के हस्ताक्षर भी हैं। वे इन तथ्यों को भली-भांति जानते भी हैं। एक मजबूत विपक्ष सरकार को जवाबदेह बनाता है, जबकि मजबूत संस्थाएं लोकतंत्र को स्थिरता देती हैं। इसलिए विपक्ष का दायित्व केवल प्रश्न उठाना नहीं, बल्कि उन प्रश्नों के समर्थन में विश्वसनीय तथ्य और प्रमाण भी प्रस्तुत करना है। वहीं, सरकार और चुनाव आयोग का दायित्व है कि वे हर आरोप का पारदर्शी और तथ्यात्मक उत्तर दें।



सफर
डॉ. ओपी त्रिपाठी

# बस यात्रियों की सुरक्षा कब होगी चाक-चौबंद

> हाल के महीनों में भारत में बस आग की कई भयानक घटनाएं हो चुकी हैं। ज्यादातर मामलों में इलेक्ट्रिकल शॉर्ट सर्किट, इंजन ओवरहीटिंग, जाम दरवाजे और ज्वलनशील इंटीरियर मैटेरियल सबसे बड़े कारण होते हैं। सड़क हादसे में मौत के मामले में भारत पहले पायदान पर है। हादसे में होने वाली मौतों से पीड़ित परिवार बिखर जाता है। अगर कमाऊ सदस्य की सड़क हादसे में मौत हो जाए तो पीड़ित परिवार भावनात्मक रूप से तो टूटता ही है, आर्थिक रूप से भी टूट जाता है। एक के बाद एक हो रहे हादसे बताते है कि पग-पग पर लापरवाही हो रही है। हाल ही में दौसा के पास हुए जानलेवा हादसे में भी प्रारंभिक तौर पर ओवरटेकिंग, तेज रफ्तार व बस के आपातकालीन गेट नहीं खुलने जैसे कारण सामने आए हैं।

बीती 1 जुलाई को राजस्थान में दौसा के पास हुए भीषण सड़क हादसे में स्लीपर बस ट्रेलर से टकरा गई थी, जिससे बस में भीषण आग लग गई। इस हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई थी। ये कोई पहला हादसा नहीं है, जिसमें निर्दोष बस यात्रियों ने अपनी जान गंवाई हो। ड्राइवर की लापरवाही, यातायात संकेतकों का अभाव और तकनीकी खामियां मिलकर बसों को चलते-फिरते लाक्षागृह बना रही हैं। इस हादसे ने एक बार फिर बसों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर क्यों बार-बार बसों में आग लग जाती है? किन तकनीकी खामियों और लापरवाहियों से ऐसी घटनाएं होती हैं?

ये हादसा अकेला नहीं है। हाल के महीनों में भारत में बस आग की कई भयानक घटनाएं हो चुकी हैं। अक्टूबर 2025 में राजस्थान के जैसलमेर में इलेक्ट्रिकल फेलियर से बस में आग लगी, जिसमें 22 लोग जलकर मर गए। उसी महीने आंध्र प्रदेश के कुरनूल में मोटरसाइकिल से टक्कर के बाद बस आग की लपटों में झुलस गई, 19-25 लोगों की मौत हुई। मार्च 2026 में आंध्र प्रदेश के मारकापुरम में बस-टिपर की टक्कर के बाद आग में 13-14 लोग मारे गए। इन घटनाओं में कुल सैकड़ों मौतें और सैकड़ों घायल हुए हैं। ज्यादातर मामलों में इलेक्ट्रिकल शॉर्ट सर्किट, इंजन ओवरहीटिंग, जाम दरवाजे और ज्वलनशील इंटीरियर मैटेरियल सबसे बड़े कारण होते हैं। सड़क हादसे में मौत के मामले में भारत पहले पायदान पर है। हादसे में होने वाली मौतों से पीड़ित परिवार बिखर जाता है। अगर कमाऊ सदस्य की सड़क हादसे में मौत हो जाए तो पीड़ित परिवार भावनात्मक रूप से तो टूटता ही है, आर्थिक रूप से भी टूट जाता है। हमेशा की तरह दौसा के इस हादसे की जांच के भी रस्मी आदेश हुए हैं। जांच होगी तो कारण भी सामने आएंगे। जिम्मेदारी एक-दूसरे पर मढ़ने व दोषियों को बचाने के जतन भी होंगे। सड़क सुरक्षा के नाम पर अभियान भी चलेंगे। हर बार की तरह हादसों की रोकथाम के नए लक्ष्य तय होंगे, लेकिन जो सबसे ज्यादा जरूरी है, वे काम नहीं होंगे। क्या इस बात की कोई चिंता करेगा कि अब कोई बस सड़कों पर दौड़ते आग का गोला नहीं बनेंगी? राष्ट्रीय राजमार्गों पर गश्त को और प्रभावी करने के प्रयास होंगे। सभी यात्री बसों और खास तौर पर वातानुकूलित स्लीपर बसों में सुरक्षा के उपाय होंगे? क्या बिना फिटनेस प्रमाण पत्र के किसी वाहन को सड़क पर आने दिया जाएगा? क्या नशे में और तेज रफ्तार वाहन चलाने वालों के ड्राइविंग लाइसेंस स्थायी रूप से रद्द करने के काम होंगे। क्या राजमार्गों के संकेतक जहां जरूरत है, वहां लगाए जा सकेंगे? ये तमाम सवाल ऐसे हैं, जिन्हें धरातल पर उतारना मुश्किल काम नहीं है। एक के बाद एक हो रहे हादसे बताते हैं कि पग-पग पर लापरवाही हो रही है। दौसा के इस जानलेवा हादसे में भी प्रारंभिक तौर पर ओवरटेकिंग, तेज रफ्तार व बस के आपातकालीन गेट नहीं खुलने जैसे कारण सामने आए हैं।

जब जांच होगी तो सड़क निर्माण या यातायात संकेतकों की खामियां भी सामने आएंगी। देखा जाए तो यह महज एक हादसा नहीं बल्कि समूचे तंत्र की कमजोरियों व लापरवाहियों को आईना दिखाने वाला है। आग का शोला बनी बस में अपनों को खो चुके परिवारों के दर्द का अंदाजा लगाया जा सकता है। इसी दौसा



एक्सप्रेस वे पर पिछली फरवरी में ही कार ट्रेलर में जा घुसी थी और 6 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई थी। हादसों की सूची लम्बी है। सिर्फ इसी एक्सप्रेस वे की नहीं बल्कि समूचे प्रदेश की। कई वाहनों में ब्रेक, इंजन और वायरिंग से जुड़ी खामियां रहती है। ये खामियां ही हादसे के बाद आग लगने की वजह बनती है। ज्यादातर भीषण हादसों की वजह यह भी सामने आती है कि लम्बी दूरी से चलकर आए वाहन चालक को आराम का वक्त ही नहीं मिला। समय पर पहुंचने की पाबंदी सो अलग। ऐसी स्थिति को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने की बड़ी जरूरत है। सबसे पहले, सभी बसों (खासकर प्राइवेट इंटरसिटी स्लीपर बसों) में ऑटोमेटिक फायर डिटेक्शन और सप्रेशन सिस्टम अनिवार्य किए जाने चाहिए। इंजन बे, बैटरी और इलेक्ट्रिकल सर्किट में आग लगने पर तुरंत बुझाने वाली तकनीक बचाव का समय बढ़ा सकती है। बसों के इंटीरियर में फ्लेम-रिटार्डेड मटेरियल का इस्तेमाल अनिवार्य होना चाहिए, ताकि आग तेजी से न फैले। इमरजेंसी एग्जिट डोर और विंडो हमर को साफ-साफ मार्क करना चाहिए और हर यात्री को बोर्डिंग के समय सेफ्टी ब्रीफिंग दी जानी चाहिए। जाम होने वाले दरवाजों की समस्या से निपटने के लिए बेहतर डिजाइन और नियमित मेंटेनेंस जरूरी हैं। ड्राइवरों को फायर फाइटिंग ट्रेनिंग और स्पीड लिमिट का सख्ती से पालन कराया जाना चाहिए। एक्सप्रेस वे पर रात के समय लंबी दूरी की बसों के लिए ज्यादा सख्त मॉनिटरिंग होना अब जरूरी हो गया है। अगर ये उपाय समय रहते अपनाए जाते, तो कई जिंदगियां बचाई जा सकती थीं। सरकार, परिवहन विभाग और बस ऑपरेटर्स को मिलकर सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी। केवल जांच और मुआवजे से काम नहीं चलेगा, व्यवस्थागत बदलाव जरूरी हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, दुर्घटना के बाद 'गोल्डन ऑवर' यानी शुरुआती एक घंटे में घायलों को उपचार मिल जाए तो जान बचाई जा सकती है। लेकिन राजमार्गों पर ट्रोमा सेंटर तो दूर एम्बुलेंस सेवाएं, फायर ब्रिगेड तक की मदद देर से पहुंचती है। सड़क किनारे अवैध ढाबे, अतिक्रमण, बिना अनुमति बने कट एक्सप्रेस-वे पर बेतरतीब पेचवर्क और बीच सड़क पार्क किए जाने वाले वाहन भी जानलेवा साबित होते हैं। राजस्थान ही नहीं, देश भर से आए दिन ऐसे हादसों की खबरें आती रहती हैं। यूपी रोडवेज यात्रियों की सुरक्षा को और मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रहा है। अब यदि चलती बस में किसी कारण से आग लगती है तो उसे बुझाने के लिए चालक या परिचालक के हस्तक्षेप का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

बस में लगा अत्याधुनिक सिस्टम खुद ही सक्रिय होकर आग पर काबू पाने का काम करेगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम रोडवेज ने बसों में ऑटोमेटिक वाटर मिस्ट फायर सप्रेशन सिस्टम लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। यह आधुनिक तकनीक पूरी तरह सेंसर आधारित है। बस में लगे विशेष हीट और स्मोक डिटेक्टर किसी भी असामान्य स्थिति को तुरंत पहचान लेंगे। अगर तापमान 68 से 70 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचता है या आग की शुरुआती चिंगारी और धुएं का संकेत मिलता है, तो सिस्टम स्वतः सक्रिय हो जाएगा। इसके लिए किसी व्यक्ति द्वारा अलग से कोई बटन दबाने की आवश्यकता नहीं होगी। जाहिर है आपातकालीन सेवाओं को भी मजबूत करना होगा। दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट्स तय करना ही काफी नहीं, इनकी पहचान कर वहां चेतावनी संकेत, कैमरे और रोशनी का पुख्ता इंतजाम होने चाहिए। हादसों पर शोक जताना अब पर्याप्त नहीं। अगर सरकार और प्रशासन ने तुरंत कठोर कदम नहीं उठाए तो हर नई बस, नया राजमार्ग मौत की नई पटकथा लिखेगा।

## पुण्यतिथि पर विशेष

हर्षवर्धन पान्डे



# स्वामी विवेकानंद : युवा शक्ति के प्रेरणा पुंज

विवेकानन्द जिन्हें उस दौर में नरेन्द्रनाथ नाम से पुकारा जाता था, एक ऐसा नाम है जिन्होंने करिश्माई व्यक्तित्व के किरदार को एक दौर में जिया। आज भी लोग गर्व से उनका नाम लेते हैं और युवा दिलों में वह एक आयकन की भांति बसते हैं। इतिहास के पन्नों में विवेकानंद का दर्शन उन्हें एक ऐसे महाज्ञानी व्यक्तित्व के रूप में जगह देता है, जिसने अपने ओजस्वी विचारों के द्वारा दुनिया के पटल पर भारत का नाम बुलंदियों के शिखर पर पहुंचाया। उनके द्वारा दिया गया वेदान्त दर्शन भारतीय दर्शन की एक अनमोल धरोहर है। अपने गुरु के नाम पर विवेकानंद ने रामकृष्ण मिशन तथा रामकृष्ण मठ की स्थापना की। विश्व में भारतीय दर्शन विशेषकर वेदांत और योग को प्रसारित करने में विवेकानंद की महत्त्वपूर्ण भूमिका है, साथ ही राष्ट्रवाद को अध्यात्म से जोड़ने में इनकी भूमिका महत्वपूर्ण मानी जाती है। विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कलकत्ता में विश्वनाथ और भुवनेश्वरी देवी के घर हुआ था। बचपन में इनका नाम नरेन्द्रनाथ था। ये काफी चंचल प्रवृति के थे। उनकी माता भगवान की अनन्य उपासक थी, लिहाजा मां के सानिध्य में वह भी ईश्वर प्रेमी हो गए। बचपन में विवेकानंद की मां इन्हें रामायण की कहानी सुनाती थी तो इसको यह बड़ी तन्मयता से सुनते थे। रामायण में हनुमान के चरित्र ने उस दौर में इनके जीवन को खासा प्रभावित किया, साथ ही अपनी मां की तरह वह भी शिवशंकर के अनन्य भक्त हो गए। कई बार वह शिव से सीधा साक्षात्कार करते मालूम पड़ते थे और अपनी मां से कहा करते कि उनमें शंकर का वास है। यह सब सुनकर इनकी मां चिंतित हो उठती कि उनका यह बेटा



कहीं बाबा संन्यासी न बन जाए। बचपन से ही नरेन्द्रनाथ पढ़ाई लिखाई में रुचि लेने लगे।

पढ़ाई में यह अव्वल दर्जे के छात्र थे। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जो एक बार यह पढ़ लेते उसे कभी भूलते नहीं थे। युवावस्था में उन्हें पाश्चात्य दार्शनिकों के निरीश्वर भौतिकवाद तथा ईश्वर के अस्तित्व में दृढ़ भारतीय विश्वास के कारण गहरे द्वंद्व से गुज़रना पड़ा। परमहंस जैसे जौहरी ने इस रत्न को परखा। उन दिव्य महापुरुष के स्पर्श ने नरेन्द्र को बदल दिया। इसी समय उनकी भेंट अपने गुरु रामकृष्ण से हुई, जिन्होंने पहले उन्हें विश्वास दिलाया कि ईश्वर वास्तव में है और मनुष्य ईश्वर को पा सकता है। रामकृष्ण ने सर्वव्यापी परमसत्य के रूप में ईश्वर की सर्वोच्च अनुभूति पाने में नरेंद्र का मार्गदर्शन किया और उन्हें शिक्षा दी कि सेवा कभी दान नहीं, बल्कि सारी मानवता में निहित ईश्वर की सचेतन आराधना होनी चाहिए। यह उपदेश विवेकानंद के जीवन का प्रमुख दर्शन बन गया। उस शक्तिपात के कारण कुछ दिनों तक नरेन्द्र उन्मत्त-से रहे। उन्हें गुरु ने आत्मदर्शन करा दिया था। 25 वर्ष की अवस्था में नरेन्द्रदत्त ने भगवा वस्त्र को धारण किया। अपने गुरु से प्रेरित होकर नरेंद्रनाथ ने संन्यासी जीवन बिताने की दीक्षा ली और स्वामी विवेकानंद के रूप में दुनिया में जाने गए। जीवन के आलोक को जगत के अन्धकार में भटकते प्राणियों के समक्ष उन्हें उपस्थित करना था। स्वामी विवेकानंद ने पैदल ही पूरे भारत की यात्रा की। विवेकानंद का मानना था कि जीवन में सफल होने के लिए अच्छा गुरु मिलना जरूरी है क्योंकि गुरु ही अन्धकार से ज्ञान के प्रकाश की तरफ ले जाता है। परमहंस की दी हुई हर शिक्षा को विवेकानंद ने अपने जीवन में न केवल उतारा, बल्कि लोगों को भी इसके जरिये कई सन्देश दिए जिसने आगे बढ़ने की राह खोली। 11 सितंबर 1893 के उस दिन उनके अलौकिक तत्वज्ञान ने पाश्चात्य जगत को चौंका दिया। अमेरिका ने स्वीकार कर लिया कि वस्तुतः भारत ही जगद्गुरु था और रहेगा। स्वामी विवेकानन्द ने वहां भारत और हिन्दू धर्म की भव्यता स्थापित करके जबरदस्त प्रभाव छोड़ा।

उस दौर में भारत के प्रतिनिधित्व की जिम्मेदारी इन्ही के कंधों पर थी।

## जो अच्छा काम करना है, उसे आलस छोड़कर तुरंत करें



संकलित

दर्शन

शिव का अर्थ है- भोलापन। दुनिया में भोलापन उदय हो जाए, इसका उपाय है- 'शिव सूत्र'। शिव सूत्र छोटे-छोटे सुंदर सूत्र हैं। जीवन के लिए एक सूत्र ही काफी है। आपका जीवन इन सूत्रों के आनंदमय प्रकाश से भर जाएगा। जीवन में भोलापन उदय हो जाएगा। हमारा शरीर और मन दोनों अलग-अलग नियमों पर चलते हैं; जैसे- आप जितना व्यायाम करेंगे, शरीर उतना हृष्ट-पुष्ट होने लगता है, लेकिन मन के लिए एक अलग ही ढंग है। आप जितना विश्राम करेंगे, मन उतना ही तेज होने लगेगा। सबने सुना है, सब भगवान की इच्छा से होता है। 'तेन विना तृणमपि न चलति' उसकी इच्छा के बिना एक पत्ता भी नहीं हिलता। तो जो भी होता है, सब भगवान ही करते हैं। जब हमें अपना पुरुषार्थ या उद्यम नहीं करना होता है, तो हम कह देते हैं कि जैसी भगवान की इच्छा। जब हमारा संकल्प मजबूत नहीं होता है, तब कह देते हैं कि भगवान की इच्छा। लेकिन, ये बात और जगहों पर लागू नहीं होती है। जब भगवान भोजन कराएंगे, तब करेंगे। जब भगवान सिनेमा दिखाएंगे, तब देखेंगे। हम अपनी इच्छा और प्रभु की इच्छा को अलग-अलग मानते हैं। ऐसे लोगों को 'अनुकूल सिंधु' कहते हैं। जो अपने अनुकूल हुआ, वह मैंने किया है और जो प्रतिकूल हुआ, वह भगवान ने किया। कहीं जीत हो जाए तो मैंने जीता और कहीं हार गए तो भगवान की इच्छा। हम यह नहीं कहते हैं कि हमने अपनी पूरी शक्ति नहीं लगाई थी, इसलिए हम हार गए।

## बिना लड़ाई किए धैर्य से भी जीता जा सकता है



संकलित

प्रेरणा

महाभारत में युधिष्ठिर को चक्रवती सम्राट बनाने के लिए राजसूय यज्ञ किया गया था। इसके लिए सभी राजाओं पर जीत हासिल करनी थी। इस काम के लिए अर्जुन ने विजय यात्रा शुरू कर दी। जहां-जहां अर्जुन जा रहे थे, वहां के राजाओं को पराजित करते हुए आगे बढ़ रहे थे। जो राजा अर्जुन की सेवा स्वीकार कर रहे थे, अर्जुन उन पर कर लगाकर आगे बढ़ रहे थे। इस यात्रा के दौरान अर्जुन कुरु नाम के राज्य में पहुंचे। अर्जुन पहुंचे तो कुरु राज्य के द्वारपाल और लोगों ने अर्जुन से कहा कि आप इस नगर को युद्ध करके जीत नहीं सकते, क्योंकि जो व्यक्ति इस नगर में युद्ध के लिए प्रवेश करता है, उसकी मृत्यु हो जाती है। ऐसा इस राज्य को वरदान मिला हुआ है। अर्जुन ने सोच-विचार करके कहा कि ठीक है, मैं यहां युद्ध नहीं करूंगा। अर्जुन की बात सुनकर लोगों ने कहा कि युद्ध के अलावा अगर आपकी कोई इच्छा है तो वह पूरी हो सकती है। अर्जुन ने कहा कि मैं हमारे भाई युधिष्ठिर को चक्रवर्ती सम्राट बनाना चाहता हूं। मुझे आपसे युद्ध नहीं करना है। आप बस मुझे कर के रूप में थोड़ा सा धन दे दीजिए। ये धन लेकर मैं लौट जाऊंगा। लोगों ने अर्जुन की बात मानकर थोड़ा सा धन दे दिया। धन लेकर अर्जुन दूसरे राज्य की ओर बढ़ गए। अर्जुन ने संदेश दिया है कि हर शत्रु को युद्ध करके पराजित नहीं किया जा सकता है, कुछ शत्रुओं के सामने बुद्धि और धैर्य का उपयोग करना चाहिए। बुद्धि का उपयोग करते हुए भी शत्रुओं को हराया जा सकता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अमरनाथ यात्रा को सुरक्षा प्रदान करना जरूरी

अमरनाथ यात्रा केवल एक धार्मिक यात्र नहीं बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का सबसे बड़ा पर्व है। हर वर्ष देश के अलग अलग राज्यों से लाखों श्रद्धालु बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए कठिन पहाड़ी मार्ग से गुजरते हैं। इस यात्रा का महत्व जितना धार्मिक है उतना ही राष्ट्रीय भी है क्योंकि यह यात्रा जम्मू कश्मीर में बड़े पैमाने पर आयोजित होने वाले सबसे संवेदनशील आयोजन मानी जाती है। इसी कारण प्रशासन, सेना, अर्धसैनिक बल, पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां कई महीने पहले से इसकी तैयारी शुरू कर देती हैं। इस वर्ष भी यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह दिखाई दे रहा है और पंजीकरण केंद्रों पर बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं।

- कांतिलाल मांडोत, सूरत

## ट्रेंड

### अमरनाथ यात्रा



अमरनाथ जी की यात्रा सनातन संस्कृति के प्रति अटूट श्रद्धा, दृढ़ धैर्य, संयम और अदम्य साहस का पवित्र प्रतीक है। बाबा बर्फानी के दर्शन और पूजा के लिए जा रहे श्रद्धालुओं को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

-**अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री

### मणिपुर जल रहा



मणिपुर वर्षों से जल रहा है। आज फिर नफरत और हिंसा की आग में 20 घर राख हो गए। दो सरकारों और राष्ट्रपति शासन के बावजूद, संघर्ष और गहराता जा रहा है। हजारों लोगों ने अपनी जान गंवाई है, मणिपुर जिस असहनीय पीड़ा से गुजर रहा है, उसकी कल्पना भी करना मुश्किल है।

- **राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस

### भाजपा



यह सुनिश्चित करने के लिए कि दिल्ली के हर निवासी को नई ईवी पॉलिसी का फायदा मिले, आज हमने पोर्टल लॉन्च किया है। अब आप घर बैठे ईवी सब्सिडी और दूसरे इंसेंटिव के लिए अप्लाई कर सकते हैं, रियल-टाइम में स्टेटस ट्रैक कर सकते हैं।

- **रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली

### पूजा सिंघल का मामला



"चरित्र संगति से बनता है, चरित्र संगति के साथ बिगड़ता है।" पूजा सिंघल का मामला, जिन्हें कभी भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़े अभियान का प्रतीक माना जाता था, अब सत्ता के मंच पर दिखाई दे रही है, स्वाभाविक रूप से कई सवाल खड़े करता है।

- **बाबूलाल मरांडी**, पूर्व सीएम, झारखंड

## करंट अफेयर

# मोल्दोवा के पीएम का इस्तीफा सरकार पर संकट गहराया

मोल्दोवा के प्रधानमंत्री एलेक्जेंडु मुंटेनु ने शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा देने की घोषणा की। मुंटेनु के इस अप्रत्याशित कदम से सरकार पर संकट गहरा गया है। हालांकि, उन्होंने अपने इस्तीफे का कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया। मुंटेनु का यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब यूरोपीय संघ की सदस्यता के उम्मीदवार इस देश में नेतृत्व संभाले उन्हें एक वर्ष से भी कम समय हुआ था। मुंटेनु ने सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में कहा, आज (शुक्रवार को) मैं प्रधानमंत्री के रूप में अपना कार्यकाल समाप्त कर रहा हूं। जिस क्षण मुझे यह महसूस हुआ कि मैं अब अपने सिद्धांतों और विश्वासों के अनुरूप अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं कर सकता,



## ऑफ बीट

# तारा कहलाने की कसौटी आखिर क्या है?

पृथ्वी से करीब 1,350 प्रकाश वर्ष दूर टीओआई-2155 नाम का एक तारा है। यह सूर्य से थोड़ा बड़ा, अधिक भारी और ज्यादा गर्म है लेकिन यह अपने आप में न तो विशेष रूप से रोचक है और न ही असामान्य। लेकिन टीओआई-2155 की परिक्रमा कर रही एक वस्तु वास्तव में बेहद दिलचस्प है। इसे टीओआई-2155बी कहा जाता है और यह तारे से काफी छोटी है। इसके बारे में हमें तब पता चलता है जब यह छोटी चीज अपने मुख्य तारे के सामने से गुजरती है और तारे की रोशनी में बहुत मामूली बदलाव होते हैं। टीओआई-2155बी आखिर क्या है? एक छोटा तारा, एक विशाल ग्रह या फिर दोनों के बीच की कोई वस्तु? अभी यह स्पष्ट नहीं है।




## संक्षेप

### नहर में डूबने से युवक की हुई मृत्यु, शव हुआ बरामद

**पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया**

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर

रूपईडीहा, बहराइच। रूपईडीहा थाना क्षेत्र के औरहवा गांव के पास नहर में डूबे युवक का शव सोमवार को बरामद कर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रूपईडीहा थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि औरहवा दाखिला परगवाहा निवासी जुगनू उर्फ सत्यनारायण (24) पुत्र सिपाही रविवार शाम अपने मित्र श्रीराम पुत्र बाजे के साथ नहर में नहा रहा था। बताया जाता है कि दोनों ने शराब का सेवन किया हुआ था। नहाने के दौरान दोनों गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल बचाव कार्य शुरू किया, जिसमें श्रीराम को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि जुगनू पानी में लापता हो गया। सूचना पर पुलिस और स्थानीय लोगों ने युवक की तलाश शुरू कराई। सोमवार को जुगनू का शव नहर से बरामद कर लिया गया। पुलिस ने पंचायतनामा भरने की कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।मौके पर कानून व्यवस्था कायम है।

### युवती हत्याकांड का खुलासा

**प्रेम प्रसंग में हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार**

अमेठी ,19 वर्षीय युवती काजल हत्याकांड का खुलासा हो गया है। पुलिस ने प्रेम प्रसंग के चलते हत्या करने वाले मुख्य आरोपी सुरजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की निशानदेही पर मृतका का मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। इस सफल अनावरण के लिए पुलिस अधीक्षक ने टीम को 25,000 रुपए का पुरस्कार देने की घोषणा की है।पुलिस के अनुसार, यह घटना 1 जुलाई 2026 को थाना अमेठी क्षेत्र के रणवीरनगर मजरे जंगल रामनगर में सामने आई थी। खेत के पास एक युवती का शव मिला था, जिसकी पहचान रणवीरनगर निवासी अमरजीत सिंह की पुत्री काजल (19) के रूप में हुई। मृतका के पिता की तहरीर पर थाना अमेठी में हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर गठित 10 टीमों ने मामले की जांच शुरू की। गहन छानबीन के बाद, 4 जुलाई को पुलिस ने मुख्य आरोपी सुरजीत सिंह (22) को गिरफ्तार कर लिया। सुरजीत प्रतापगढ़ जिले के उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे नेवली का रहने वाला है। उसके कब्जे से मृतका का नोकिया मोबाइल फोन भी बरामद हुआ।पूछताछ में आरोपी सुरजीत सिंह ने बताया कि वह काजल से प्रेम करता था। उसने काजल को अपने साथ चलने के लिए बुलाया था, लेकिन जब उसने मना कर दिया, तो गुस्से में आकर सुरजीत ने उसका मुंह दबा दिया। दम घुटने से काजल की मौत हो गई।इसके बाद आरोपी ने शव को खेत की मेड़ के किनारे रखकर यूकेलिप्टस की झाड़ियों से ढक दिया और मौके से फरार हो गया।

## बाढ़ से बचाव हेतु भगडिया में आयोजित हुई राहत जागरूकता चौपाल

**एसडीएम रामदयाल ने ग्रामीणों के साथ किया संवाद**



अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा

बहराइच। तहसील मिहींपुरवा क्षेत्र का अधिकांश हिस्सा वन क्षेत्र तथा नदियों से घिरा हुआ है क्षेत्र में हर वर्ष बाढ़ का कहर होता है जिससे क्षेत्र की अधिकांश आबादी प्रभावित होती है। बाढ़ की समस्या से निपटने के लिए एसडीएम रामदयाल ने जन संवाद स्थापित किया।अपर जिलाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि संभावित बाढ़ के दौरान जन-धन की हानि को न्यून से न्यूनतम करने, ग्राम स्तर पर बाढ़ सुरक्षा समिति का गठन करते हुए समिति के सदस्यों का नाम, पता व मोबाइल नम्बर संग्रहीत करने तथा बाढ़ से बचाव व समस्याओं के निराकरण हेतु शासन एवं जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर बाढ़ से प्रभावित होने वाली तहसीलों के ग्रामों में तहसील प्रशासन द्वारा राहत चौपाल/जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) के ग्राम भगड़िया में रविवार को उप जिलाधिकारी राम दयाल की मौजूदगी में राहत चौपाल/जनजागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

राहत चौपाल के दौरान ग्रामवासियों को बताया गया कि 10-10 बाढ़ प्रभावित ग्रामों का कलस्टर बनाकर नोडल अधिकारी की तैनाती करते हुए गर्भवती महिलाओं, वृद्धजनों, बच्चों की सूची तैयार की जा रही है। प्रभावित ग्रामों का रूट चार्ट तैयार किया जा रहा है तथा बाढ़ से प्रभावित होने वाले ग्रामों के ग्राम प्रधान, आशा, सफाई कर्मी, ग्राम पंचायत अधिकारी, स्वंय सेवक, सम्भ्रान्त व्यक्ति की एक टीम का गठन कर बाढ़ सम्बन्धित जनपद में 44 बाढ़ चौकियॉ, 48 सामुदायिक रसोई, 45 राहत वितरण केन्द, 43 बाढ़ शरणालय, चिन्हित कर लिये गये है तथा 511 ग्राम सभा की नावें उपलब्ध है। हेतु व्हाट्सअप ग्रुप भी बनाया बनाकर उसको तहसील स्तर के व्हाट्सअप में जोड़ा जायेगा ताकि समय-समय पर शासन द्वारा जारी चेतावनी ग्राम स्तर पर सीधे पहुँच सके। राहत चौपाल के दौरान लोगों को बताया गया कि समस्त बाढ़ प्रभावित तहसीलों में बाढ़ कन्ट्रोल रूम की स्थापना की जा रही जिससे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में होने वाली समस्या का निस्तारण तत्काल कराया जा सकें। बाढ़ प्रभावित ग्रामों के लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने हेतु ऊंचे व सुरक्षित स्थानों को चिन्हित कर शरणालय बनाए जा रहे हैं। बाढ़ चौकियों के संचालन हेतु नोडल अधिकारी नामित किये जा रहे हैं। राहत कैम्प की स्थापना ऐसी जगह पर की जा रही है जहाँ पर लोग आसानी से पहुँच सके। राहत चौपाल के दौरान ग्रामवासियों से अपील की गई कि अर्ली वार्निंग सिस्टम के माध्यम से यदि कोई सूचना प्राप्त होती है है तो तत्काल तहसील प्रशासन द्वारा बताये गये स्थानों पर पहुंच जायें। बाढ़ के दौरान वृद्धजन, बच्चों, रोगियों व महिलाओं का विशेष ध्यान रखें। लोगों को बताया गया कि जनपद में 44 बाढ़ चौकियॉ, 48 सामुदायिक रसोई, 45 राहत वितरण केन्द, 43 बाढ़ शरणालय, चिन्हित कर लिये गये है तथा 511 ग्राम सभा की नावें उपलब्ध है। जनपद के सभी तटबंधों/ विद्युत खम्भों/जर्जर पुलिया/ सड़क आदि का निरीक्षण व बाढ़ प्रभावित ग्रामों का आंकलन तहसील प्रशासन द्वारा कराया जा रहा है।

## सनातन पाण्डेय बाले- ब्राह्मण सत्ता के लोभी नहीं

**सैय्यद नौमान मियाँ का लखनऊ एयरपोर्ट पर हुआ भव्य स्वागत**

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। विश्वविख्यात इस्लामी शिक्षण संस्थान अल-अजहर विश्वविद्यालय, काहिरा (मिस्त्र) से मास्टर्स इन हदीस की उच्च शिक्षा सफलतापूर्वक पूर्ण कर स्वदेश लौटे अल्लामा अजहरी सैय्यद नौमान अशरफ मियाँ का सोमवार को लखनऊ स्थित चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान रूपईडीहा, नानपारा, बहराइच सहित उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से बड़ी संख्या में पहुंचे अनुयायियों, मुरीदों एवं शुभचिंतकों ने फूल-मालाएं पहनाकर और गर्मजोशी से उनका इस्तकबाल किया।एयरपोर्ट परिसर में स्वागत के दौरान उत्साह का माहौल देखने को मिला। समर्थकों ने उन्हें मुबारकबाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और दीनी सेवाओं के लिए शुभकामनाएं दीं। बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने इस अवसर को अपने लिए गौरवपूर्ण और यादगार बताया। अल्लामा अजहरी सैय्यद नौमान अशरफ मियाँ उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध आध्यात्मिक एवं धार्मिक केंद्र किछौछा शरीफ के प्रतिष्ठित अशरफी खानदान से संबंध रखते हैं। वे प्रख्यात इस्लामी विद्वान एवं ओजस्वी वक्ता खतीब-ए-आजम-ए-हिंद सैय्यद मोहम्मद मक्की राशिद मियाँ अशरफ जिलानी के सुपुत्र हैं। उनके परिवार को देश-विदेश में धार्मिक, शैक्षणिक और आध्यात्मिक सेवाओं के लिए विशेष सम्मान प्राप्त है अल-अजहर विश्वविद्यालय में अध्ययन के दौरान उन्होंने हदीस विषय में उच्च शिक्षा के साथ विभिन्न शैक्षणिक एवं शोधपरक विषयों का गहन अध्ययन कर उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की। उनकी यह उपलब्धि दीनी तालीम हासिल करने वाले विद्यार्थियों और युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत मानी जा रही है। उनकी शैक्षणिक सफलता और स्वदेश वापसी पर देश-विदेश के उलेमा, शिक्षाविदों, सामाजिक हस्तियों और शुभचिंतकों ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें मुबारकबाद दी। उम्मीद जताई जा रही है कि अल्लामा अजहरी सैय्यद नौमान अशरफ मियाँ अपने इल्मी अनुभव, शोध और धार्मिक सेवाओं के माध्यम से समाज में ज्ञान, सद्भाव, नैतिक मूल्यों तथा इस्लामी शिक्षाओं के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

## अपराध निरोधक समिति द्वारा साइबर अपराध से बचाव के लिए जागरूकता बैठक होगी आयोजित

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति की बहराइच-नानपारा इकाई द्वारा आगामी 8 जुलाई (बुधवार) को साइबर अपराध जागरूकता बैठक का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना तथा सुरक्षित डिजिटल समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना है।बैठक का आयोजन प्रातः 11:00 बजे बंधन लॉन, रूपईडीहा रोड नानपारा पर होगा। समिति ने क्षेत्र के नागरिकों, व्यापारियों, विद्यार्थियों एवं सामाजिक संगठनों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है। आयोजकों के अनुसार वर्तमान डिजिटल युग में साइबर अपराधों की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में लोगों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी धोखाधड़ी, बैंकिंग फ्रॉड और सोशल मीडिया से जुड़े साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी देना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में साइबर अपराधों के विभिन्न प्रकार, उनसे बचने के उपाय, साइबर सुरक्षा के उपयोगी टिप्स, लाइव डेमो, महत्वपूर्ण जानकारियां, प्रश्नोत्तर सत्र तथा साइबर सुरक्षा संबंधी जागरूकता संकल्प का आयोजन किया जाएगा। समिति ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी साइबर अपराध की सूचना तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर दें तथा समय रहते सतर्क रहकर स्वयं, अपने परिवार और समाज को साइबर अपराधों से सुरक्षित बनाने में सहयोग करें। जागरूक बनें, सुरक्षित रहें, साइबर अपराध रोकें₹ संदेश के साथ समिति ने सभी नागरिकों से कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया है।

## कैसरगंज तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित

**96 शिकायतों में 6 का मौके पर निस्तारण**



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार आयोजित होने वाला संपूर्ण समाधान दिवस इस बार प्रशासनिक व्यस्तताओं एवं उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा के कारण 4 जुलाई को स्थगित कर दिया गया था। इसके उपरांत सोमवार, 6 जुलाई को तहसील कैसरगंज सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर पहुंचे। समाधान दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी अखिलेश सिंह ने की। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी डी.के. श्रीवास्तव, तहसीलदार मीना गौड़, नायब तहसीलदार सचिन श्रीवास्तव सहित राजस्व, पुलिस, विद्युत, विकास, पंचायत एवं अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।जनसुनवाई के दौरान कुल 96 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 6 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर संबंधित फरियादियों को राहत प्रदान की गई, जबकि शेष 90 शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई के लिए प्रेषित किया गयासमाधान दिवस में भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मामले, पुलिस प्रकरण, विद्युत आपूर्ति, सड़क, जलनिकासी, पेंशन, आवास योजना तथा अन्य जनहित से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। अधिकारियों ने एक-एक फरियादी की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।उपजिलाधिकारी अखिलेश सिंह ने सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें और उन्हें त्वरित न्याय मिल सके। संपूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा उनके शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण की नियमित समीक्षा करते हुए तय समय सीमा के भीतर उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

## कैसरगंज तहसील को मिली आधुनिक रोवर मशीन

**खेतों की पैमाइश होगी अब और सटीक व आसान**

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच।

तहसील कैसरगंज को भूमि की पैमाइश एवं सीमांकन कार्य को अधिक पारदर्शी, सटीक और तेज बनाने के उद्देश्य से आधुनिक रोवर मशीन उपलब्ध कराई गई है।इस अत्याधुनिक तकनीक के उपयोग से किसानों और आमजन को खेतों की नाप-जोख में पहले की तुलना में अधिक सुविधा मिलेगी तथा राजस्व संबंधी कार्यों का निष्पादन भी तेजी से किया जा सकेगा।रोवर मशीन का परीक्षण तहसील परिसर में नायब तहसीलदार हुजूरपुर विषेश्वर शर्मा एवं मशीन टेक्निशियन की मौजूदगी में सफलतापूर्वक किया गया। परीक्षण के दौरान मशीन की कार्यप्रणाली, सटीकता और उपयोगिता का प्रदर्शन किया गया।राजस्व विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इस मशीन के माध्यम से खेतों की पैमाइश कम समय में अधिक सटीकता के साथ की जा सकेगी। इससे सीमांकन विवादों के निस्तारण में भी सुविधा मिलेगी और किसानों को बार-बार होने वाली पैमाइश की समस्याओं से राहत मिलने की उम्मीद है। रोवर मशीन के उपयोग से राजस्व विभाग के कार्यों में तकनीकी दक्षता बढ़ेगी और भूमि संबंधी मामलों के निस्तारण में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। स्थानीय किसानों एवं क्षेत्रवासियों ने तहसील को आधुनिक तकनीक से लैस किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे जनहित में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## पंतनगर से आई टीम ने जिले में शंकर मक्का उत्पादन की ली जानकारी

**टीम ने कृषि विज्ञान केंद्र प्रथम का किया भ्रमण**



अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल

बहराइच। जनपद में मक्का उत्पादन के बारे में जानकारी लेने के लिए वैज्ञानिकों की एक टीम जिले में पहुंची और किसानों के बीच संवाद कर जानकारी प्राप्त की।उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद लखनऊ (उपकार) द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र बहराइच-प्रथम के माध्यम से संचालित परियोजना ₹संकर मक्का बीज उत्पादन₹ के अंतर्गत क्षेत्रीय भ्रमण अनुश्रवण एवं मूल्यांकन के लिए गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर उत्तराखंड से प्रोफेसर डॉ० बीडी भुज, प्रोफेसर डॉ० रंजन श्रीवास्तव, प्रोफेसर डॉ० सतीश चंद्र ,परियोजना प्रमुख विशेषज्ञ डॉ० बीवी. एस शिशोदिया (से.नि.) प्रोफेसर, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज, अयोध्या, उप महानिदेशक डॉ. सुशील कुमार सिंह, तकनीकी सचिव डॉ हिमांशु तिवारी ने कृषि विज्ञान केंद्र बहराइच प्रथम का भृमण किया और किसानो से बीज उत्पादन के बारे मे जानकारी भी ली। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एंव अध्यक्ष डॉक्टर आरसी. वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। परियोजना मे चयनित ग्राम सभा मसूदपुर और भटपुरवा विकास खंड तेजवापुर में अब तक कराये गए कार्यों का विवरण केंद्र के बीज प्रौद्योगिक वैज्ञानिक डॉक्टर प्रियंका सिंह ने पॉवर पॉइन्ट के माध्यम से प्रस्तुतिकरण किया साथ ही परियोजना के यंग प्रोफेशनल राघवेंद्र प्रताप सिंह ने सभी अभिलेख प्रस्तुत किए। केवीके. बहराइच प्रथम के वैज्ञानिक डॉक्टर शैलेन्द्र सिंह, डॉक्टर नंदन सिंह और डॉक्टर अरुण कुमार राजभर ने सर्वे अभिलेखों की गहनता से जाँच की। इस दौरान कमिटी के सदस्यों ने कई सारे महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। जिनको आगामी कार्यक्रमों में समायोजित किया जाएगा। किसानो मे मुख्य रूप से जियाउल्हक, बुधई, सत्तारअली, मो. उजैर और समसुद्दीन थे।

## डिजिटल प्रशिक्षण से सशक्त होंगे बूथ, संगठन को मिलेगी नई मजबूती : हरिशंकर राजू यादव

**डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती संस्मरण पखवाड़े के तहत भाजपा ने प्रशिक्षित बूथ अध्यक्षों को वितरित किए प्रमाण-पत्र**



अमन लेखनी समाचार मथुरा

मथुरा। भारतीय जनता पार्टी मथुरा महानगर द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती संस्मरण पखवाड़े के अंतर्गत महानगर के सभी 12 मंडलों में बूथ अध्यक्षों का डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले बूथ अध्यक्षों को प्रमाण-पत्र वितरित कर उन्हें संगठनात्मक दायित्वों के प्रति और अधिक सक्रियता से कार्य करने का आह्वान किया गया। धौली प्याऊ मंडल में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने डिजिटल प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले बूथ अध्यक्षों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुआ।श्रद्धांजलि सभा को महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनका त्याग, राष्ट्रनिष्ठा और विचार आज भी प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने कहा कि डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से दिया गया प्रशिक्षण संगठनात्मक कार्यों को अधिक प्रभावी बनाएगा। इससे बूथ स्तर पर कार्यकताओं की कार्यक्षमता बढ़ेगी, जनसंपर्क मजबूत होगा तथा संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक के साथ प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी शक्ति हैं।मंडल अध्यक्ष नितिन कौशिक ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और अखंड भारत के संकल्प का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता को उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करना चाहिए। डिजिटल प्रशिक्षण वर्तमान समय की आवश्यकता है, जिससे कार्यकताओं की संगठनात्मक दक्षता बढ़ेगी और जनता के बीच प्रभावी संवाद स्थापित करने में सहायता मिलेगी। जिला मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारत की अखंडता के प्रबल समर्थक थे। वे एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान की व्यवस्था के घोर विरोधी थे। वर्ष 1951 में उन्होंने भारतीय जनसंघ की स्थापना की, जो आगे चलकर भारतीय जनता पार्टी का वैचारिक आधार बना। उन्होंने बताया कि डॉ. मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई को कोलकाता के एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद् परिवार में हुआ था तथा वर्ष 1934 में मात्र 33 वर्ष की आयु में वे कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के कुलपति बने। वर्ष 1953 में उनका निधन रहस्यमय परिस्थितियों में हुआ। कार्यक्रम के अंत में कार्यकताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों पर चलने तथा संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सुदृढ़ बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन हर्ष गौड़ ने किया। इस अवसर पर महामंत्री कुंज बिहारी चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष रामकिशन पाठक, जिला मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा, मंडल अध्यक्ष नितिन कौशिक, हर्ष गौड़, धर्मेश नौहवार, विनोद भारद्वाज, विजय शर्मा, ललित अग्रवाल, बृजेश अहेरिया, विशाल गुप्ता ,नितिन चतुर्वेदी, राकेश तोमर ,अभिषेक चतुर्वेदी,सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सोलर वाटर कूलर एवं आधुनिक शौचालय का जनपद न्यायाधीश ने किया लोकार्पण

**जिला न्यायालय परिसर में सुविधा विस्तार से वादकारियों को मिलेगी राहत**



अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा

बहराइच। जनपद न्यायालय परिसर, बहराइच में नगर पालिका परिषद बहराइच द्वारा स्थापित सोलर वाटर कूलर एवं आधुनिक शौचालय का लोकार्पण जनपद न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह द्वारा किया। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश (एस.सी./एस.टी. एक्ट) पवन कुमार शर्मा, अपर जनपद न्यायाधीश राकेश सिंह, विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) अरविन्द कुमार गौतम व अन्य न्यायिक अधिकारी, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, नगर पालिका परिषद बहराइच की अध्यक्ष श्रीमती सुधा टेकड़ीवाल, अध्यक्ष प्रतिनिधि श्यामकरण टेकड़ीवाल, विद्धान अधिवक्तागण, अधि.अधि. नगर पालिका परिषद बहराइच प्रमिता सिंह, समाज सेवी राघव टेकड़ीवाल, सभासद सुरेश गुप्ता, तम्सील अहमद वारसी, पुष्पनाथ तिवारी, राहुल दीक्षित, पुनीत गुप्ता एवं सीताराम यज्ञसैनी सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे। इस अवसर पर वक्तागण द्वारा नगर पालिका परिषद की इस पहल को न्यायालय परिसर में जनसुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि जनसुविधा के विस्तार से न्यायालय परिसर में दूर-दराज से आने वाले वादी-प्रतिवादियों, अधिवक्ताओं एवं आम नागरिकों को अब किसी प्रकार की असुधिा नहीं होगी। शुद्ध पेयजल और स्वच्छ शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होने से विशेष रूप से गर्मी के मौसम में लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

## चकिया रेंज में पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर, बहराइच। वन प्रभाग बहराइच के रेंज चकिया क्षेत्र में वन क्षेत्राधिकारी विजय कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बीट संख्या 12 में आम अमरूद जामुन सहित अन्य प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया जिसमें काफी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे रेंजर विजय मिश्रा ने बताया कि पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है जिसमें ग्रामीणों का भी सहयोग मिल रहा है लोगों को पर्यावरण संरक्षण के तहत जागरुक करते हुए पौधरोपण कराया जा रहा है।

## डीएम की अध्यक्षता में तहसील पयागपुर में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**डीएम व एसपी ने सुनी जनसमस्याएं**



अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा

बहराइच। आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में माह जुलाई के प्रथम शनिवार को तहसील पयागपुर में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस अवसर पर डीएम ने पुलिस अधीक्षक विष्वजीत श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी अष्वनी कुमार पाण्डेय, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, डीडीओ राज कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई की और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

डीएम ने क्षेत्र के व्यक्तियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होनें स्पष्ट किया कि जनशिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का समाधान पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायत के निस्तारण से शिकायतकर्ता को भी अनिवार्य रूप से अवगत कराया जाए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह, जिला गन्ना अधिकारी आनन्द कुमार शुक्ला सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, सीडीपीओ व थानाध्यक्ष व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि आईसीडीएस विभाग के स्टाल के निरीक्षण के दौरान डीएम ने 02 गर्भवती महिलाओं वन्दना मिश्रा व तरन्नुम की गोद भराई की तथा 02 बच्चे कार्तिक व जूही को अन्नप्रासन कराया।

**उल्लेखनीय है कि तहसील पयागपुर में प्राप्त 104 प्रार्थना-पत्रों में से 07 का निस्तारण मौके पर किया गया। तहसील कैसरगंज में प्राप्त 96 प्रार्थना-पत्रों के सापेक्ष 06, तहसील सदर बहराइच में प्राप्त 34 के सापेक्ष 03, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 25 के सापेक्ष 02, नानपारा में प्राप्त 53 के सापेक्ष 07 व महसी में प्राप्त 48 प्रार्थना-पत्रों के सापेक्ष 03 का मौके पर निस्तारण किया गया।**

## संक्षेप

### मुनीम की हत्या कर शव तेजाब से जलाया

#### 6 दिन बाद ईख के खेत में मिला कंकाल, मोबाइल और कपड़ों से हुई पहचान

बागपत ,बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के लुहारी गांव निवासी एक ईंट भट्ठे के मुनीम की बेरहमी से हत्या का मामला सामने आया है। आरोपियों ने साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को तेजाब से जलाकर गन्ने के खेत में फेंक दिया। शनिवार को ढिकाना गांव के जंगल से मुनीम का कंकाल बरामद हुआ है। परिजनों ने मौके पर मिले मोबाइल और कपड़ों के आधार पर उसकी शिनाख्त की।घटना से गुस्साए परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा किया।29 जून से लापता था मुनीमदाहा गांव निवासी दीपक ने बताया कि उनके बहनोई सचिन (38 वर्ष) लुहारी गांव में ईंट भट्ठे पर मुनीम थे। बीती 29 जून को पड़ोस के ही दो युवक सचिन को अपनी बाइक पर बैठाकर साथ ले गए थे। कई घंटों बाद दोनों युवक शराब के नशे में धुत होकर अकेले लौटे।जब सचिन की पत्नी पूनम ने उनसे पति के बारे में पूछा, तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया और टालमटोल करने लगे।चौकी इंचार्ज ने मामले को गंभीरता से नहीं लियापरिजनों का आरोप है कि सचिन के घर न लौटने पर वे शिकायत लेकर बोहला पुलिस चौकी पहुंचे थे। आरोप है कि वहां तैनात दरोगा (चौकी इंचार्ज) ने उनकी बात को गंभीरता से नहीं लिया और यह कहकर टरका दिया कि ₹वह शराब के नशे में कहीं पड़ा होगा, खुद ही आ जाएगा।₹ पुलिस की इसी ढिलाई के कारण परिजन अपने स्तर पर ही सचिन की तलाश में जुटे रहे।शनिवार सुबह खेत में कंकाल देख उड़े होशशनिवार सुबह ढिकाना गांव के जंगल में ईंख के खेत के अंदर एक कंकाल पड़े होने की सूचना से इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी मिलते ही सचिन के परिजन भी मौके पर पहुंचे। कंकाल के पास पड़े मोबाइल और कपड़ों को देखकर छोटे भाई सोमकुमार ने उसकी पहचान सचिन के रूप में की। परिजनों का आरोप है कि सचिन की हत्या करने के बाद पहचान छुपाने के लिए शव पर तेजाब डाला गया था।

### महिला ने लगाई न्याय की गुहार

#### आरोपी ने घर में घुसकर की मारपीट, बच्चे को नुकसान पहुंचाने का आरोप

बागपत शहर कोतवाली क्षेत्र में एक महिला ने जाहिद नामक व्यक्ति पर छेड़छाड़, मारपीट और अपने बेटे को छत से फेंकने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने शनिवार को कोतवाली पहुंचकर पुलिस अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस फिलहाल मामले की छानबीन में जुटी है।महिला के अनुसार, जाहिद पिछले तीन दिनों से उसे परेशान कर रहा था। वह पतंग उड़ाने के बहाने पड़ोसियों की छत पर आता था और अश्लील इशारे करता था। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी अश्लील गाने गाकर छेड़छाड़ करता था।जब महिला ने जाहिद का विरोध किया, तो आरोपी ने घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की। महिला का आरोप है कि जाहिद ने उसके बेटे को छत से फेंकने का भी प्रयास किया।विरोध करने पर आरोपी ने लोहे के डंडे से भी महिला पर हमला करने की कोशिश की। शोर सुनकर स्थानीय लोगों को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गया। अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाईपीड़िता ने बताया कि उसका पति नौकरी के लिए घर से बाहर गया हुआ है और वह बच्चों के साथ अकेली रहती है।

# ब्रज में गंदगी आस्था के प्रति दर्शा रही है असभ्य आचरण : शैलजाकांत मिश्र

#### हम सबने यह ठाना है, ब्रज को स्वच्छ बनाना है' महाअभियान के तहत फॉलोअप कार्यशाला का आयोज

#### 500 टन कूड़ा उठा रही है मथुरा वृंदावन नगर निगम प्रतिदिन – जग प्रवेश

अमन लेखनी समाचार




मथुरा। 'हम सबने यह ठाना है, ब्रज को स्वच्छ बनाना है' महाअभियान के तहत फॉलोअप कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें उद्यमियों, व्यापारियों और स्वयंसेवकों ने स्वच्छ ब्रज के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव रखे। अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र ने कहा कि ब्रज भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी की पावन घर है। यहां गंदगी फैलाना केवल अस्वच्छता नहीं, बल्कि आस्था के प्रति असभ्य आचरण है। उन्होंने कहा कि मथुरा को देश और प्रदेश के सामने स्वच्छता का आदर्श प्रस्तुत करने का सुनहरा अवसर मिला है। वर्ष 2017 में मुख्यमंत्री के मथुरा आगमन के समय शहर की स्वच्छता रैंकिंग 512वीं थी। लगातार प्रयासों से वर्ष 2019 में यह 129वें स्थान पर पहुंची और मथुरा को देश में सबसे तेज सुधार करने वाले शहर के रूप में सम्मानित किया गया। इसके बाद शहर ने 60वीं, 55वीं और 35वीं रैंक हासिल की तथा वर्तमान श्रेणीगत व्यवस्था में 11वां स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने इसे बेहतर नहीं माना। कहा कि लगभग 27 लाख की आबादी वाले जनपद में प्रतिवर्ष करीब 10 करोड़ श्रद्धालु और पर्यटक आते हैं। ऐसे में ब्रज में ऐसा स्वच्छता संस्कार विकसित करना होगा कि बाहर से आने वाले लोग भी गंदगी फैलाने से स्वयं परहेज करें। इसके लिए जनसहभागिता और सामाजिक जागरूकता सबसे बड़ा माध्यम है। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की मुख्य कार्यपालक अधिकारी लक्ष्मी नागप्पन ने कहा कि स्वच्छ ब्रज अभियान को सफल बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने क्षेत्र में नेतृत्व की जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे व्यवहारिक बदलाव ही बड़े सामाजिक परिवर्तन की नींव बनते हैं। उद्यमियों और समाजसेवियों के सुझावों पर नगर आयुक्त जग प्रवेश ने बताया कि मथुरा-वृंदावन नगर निगम ने पिछले एक वर्ष में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सफाईकर्मियों की संख्या में लगभग 50 प्रतिशत वृद्धि की है। वर्ष 2023 में जहां प्रतिदिन 180 से 190 टन कूड़ा उठाया जाता था, वहीं अब यह बढ़कर 500 टन से अधिक हो गया है। उन्होंने बताया कि 24 प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में दो पालियों तथा श्रीकृष्ण जन्मस्थान जैसे अत्यधिक भीड़ वाले स्थलों पर तीन पालियों में नियमित सफाई कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि गंदगी फैलाना हमारी आदत बन गई है, जिसे सामूहिक प्रयास से बदलना होगा। नगर आयुक्त ने बताया कि भंडारों के आयोजन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की गई है और इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मथुरा-वृंदावन के ड्रेनेज मास्टर प्लान पर भी कार्य किया जा रहा है। संचालन परिषद के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी राजीव पाण्डेय, पर्यावरण सलाहाकार मुकेश शर्मा, डिप्टी सीईओ सतीश चंद्र, अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सहित आदि मौजूद रहे।

# सदर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवसः 37 शिकायतें आईं, चार का मौके पर निस्तारण

अमन लेखनी समाचार



मथुरा। सदर तहसील में सोमवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 37 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से चार शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष 33 मामलों को समयबद्ध कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) डॉ. पंकज कुमार वर्मा ने की। इस दौरान उप जिलाधिकारी (सदर) आदेश कुमार सहित राजस्व, विद्युत, विकास, चकबंदी एवं अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

समाधान दिवस में सर्वाधिक शिकायतें राजस्व, विकास और विद्युत विभाग से संबंधित रहीं। कुछ शिकायतकर्ता ऐसे भी थे, जो पूर्व में दिए गए प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण से असंतुष्ट होकर दोबारा अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। ऐसे मामलों में अधिकारियों को पुनः निष्पक्ष एवं गहन जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अपर जिलाधिकारी डॉ. पंकज कुमार वर्मा ने अधिकारियों से कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। जिन मामलों का समाधान तत्काल संभव नहीं है, उनमें संबंधित विभाग की टीम शिकायतकर्ता के पास पहुंचकर सभी पक्षों से बातचीत करे तथा तथ्यात्मक जांच के आधार पर स्थायी समाधान सुनिश्चित करे। उप जिलाधिकारी (सदर) आदेश कुमार ने बताया कि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को अग्रेषित कर दिया गया है। सभी अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई कर शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं।समाधान दिवस के दौरान अधिकारियों ने फरियादियों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा, जिससे उन्हें सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें।

# गोवर्धन में प्रसूता की मौत पर हंगामा, परिजनों ने डॉक्टरों पर लगाया लापरवाही का आरोप

अमन लेखनी समाचार




मथुरा। गोवर्धन के जतीपुरा रोड स्थित एसबीआरके हॉस्पिटल में रविवार देर रात एक गर्भवती महिला की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों की घोर लापरवाही के कारण महिला की जान गई है। वहीं, नवजात बच्ची की हालत नाजुक होने के कारण उसे वेंटिलेटर पर रखा गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, रविवार देर रात एक 30 वर्षीय गर्भवती महिला, कोमल, को प्रसव (डिलीवरी) के लिए एसबीआरके हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया, लेकिन कुछ ही समय बाद उसकी स्थिति बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। मां की मौत की खबर मिलते ही परिजनों के होश उड़ गए और उन्होंने अस्पताल परिसर में डॉक्टरों व स्टाफ के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों का कहना है कि अगर डॉक्टर समय पर सही इलाज देते, तो कोमल की जान बचाई जा सकती थी।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने आक्रोशित परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने मृतका के शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।इस पूरे मामले पर थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने भरोसा दिया कि घटना की निष्पक्ष जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के आधार पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दूसरी ओर, अस्पताल के डॉक्टरों ने परिजनों द्वारा लगाए गए लापरवाही के सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया है और कहा है कि महिला को बचाने का हरसंभव प्रयास किया गया था।

# गूगल पर कस्टमर केयर नंबर खोजना पड़ा महंगा, साइबर सेल ने लौटाए 54,930 रुपये

अमन लेखनी समाचार



मथुरा। गूगल पर कस्टमर केयर नंबर खोजकर संपर्क करना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। साइबर ठगों ने फर्जी कस्टमर केयर बनकर उसे अपने जाल में फंसाया और बैंक खाते से 54,930 रुपये निकाल लिए। हालांकि, मथुरा साइबर सेल की त्वरित कार्रवाई से पीड़ित की पूरी रकम वापस उसके खाते में पहुंचा दी गई।

साइबर सेल के अनुसार, थाना राया क्षेत्र के ग्राम सिमाना निवासी सत्यवीर सिंह की इन्वर्टर बैटरी खराब हो गई थी। उन्होंने गूगल सर्च इंजन के माध्यम से कस्टमर केयर का मोबाइल नंबर प्राप्त कर उस पर संपर्क किया। बातचीत के दौरान ठगों ने सहायता के नाम पर एक लिंक भेजा और उस पर क्लिक करने के लिए कहा। लिंक पर क्लिक करते ही पीड़ित के बैंक खाते से 54,930 रुपये की अनधिकृत निकासी हो गई।

ठगी का एहसास होने पर सत्यवीर सिंह ने मथुरा साइबर सेल से शिकायत की। शिकायत मिलते ही साइबर सेल ने संबंधित बैंक और वित्तीय संस्थानों से समन्वय स्थापित कर धनराशि को होल्ड कराने की प्रक्रिया शुरू की। लगातार प्रयासों के बाद पीड़ित के खाते में पूरी 54,930 रुपये की राशि वापस करा दी गई।

राशि वापस मिलने पर पीड़ित ने मथुरा साइबर सेल का आभार व्यक्त करते हुए पुलिस टीम की सराहना की।

इस कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक आशीष मलिक, उपनिरीक्षक उत्तम सिंह भड़ाना, हेड कांस्टेबल विशाल कुमार, हेड कांस्टेबल हरगोविंद, कांस्टेबल पवन कुमार, कांस्टेबल मयंक यादव, कांस्टेबल शुभम राठी तथा कांस्टेबल अमन कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

साइबर सेल की सलाहः गूगल पर उपलब्ध कस्टमर केयर नंबरों की सत्यता की पुष्टि किए बिना उन पर संपर्क न करें। किसी अनजान व्यक्ति द्वारा भेजे गए लिंक पर क्लिक करने या बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी साझा करने से बचें। साइबर ठगी होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 या राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।

# रोडवेज बसों का संचालन बंद डग्गामार वाहनों की बल्ले बल्ले यात्रीगण परेशान



अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। सरकार द्वारा संचालित वाहनों का संचालन जगह-जगह बंद होने से आम जनमानस पर गहरा प्रभाव पड़ा है जनपद के अमौली विकासखंड क्षेत्र के चांदपुर गांव से संचालित होने वाली रोडवेज बस का संचालन पूरी तरह से बंद हो गया जिससे यात्रियों का आवागमन पूर्ण रूप से बाधित हो रहा है ग्रामीण धर्मेंद्र सिंह ने विभाग को लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि चांदपुर से संचालित होने वाली रोडवेज बस में क्षेत्र के सैकड़ो यात्री दूसरे जनपद जैसे हमीरपुर कानपुर लखनऊ फतेहपुर इत्यादि का सफर तय करते थे अचानक रोडवेज गाड़ी बंद होने पर सभी यात्री डग्गामार वाहनों का सहारा लेकर परेशान हो गए हैं नागरिकों को आवागमन में भीषण गर्मी के चलते कड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है वास्तव में ग्रामीण क्षेत्र से राजधानी तक के सफर को तय करने वाले सरकारी वाहन को बंद करने में आम जनमानस पर गहरा प्रभाव पड़ा वहीं क्षेत्रीय नागरिकों ने विभाग को लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए रोडवेज बस को पुनः संचालित करने की अपील की

# धूमधाम से मनाई गई डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती



#### भाजपा पदाधिकारी ने श्रद्धांजलि देते हुए महापुरुष को किया नमन


अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। भारतीय जनता पार्टी के कर्णधार डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती जनपद में जगह-जगह धूमधाम से मनाई गई जनपद के जहानाबाद विधानसभा कस्बे अंतर्गत मूलचंद गली मोहल्ला में भाजपाइयों ने प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक भारतीय जन संघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्य जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दिया वहीं मौजूदा लोगों ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व तथा उनके योगदान पर विस्तृत रूप से चर्चा की कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने भी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के त्याग बलिदान को स्मरण किया ठीक इसी प्रकार जहानाबाद विधानसभा के अमौली कस्बे में भाजपा के महानायक का जयंती समारोह भाजपा कार्यालय अंतर्गत संगोष्ठी रूप में मनाया गया कार्यक्रम में मौजूद जिला मंत्री संतोष गुप्ता मंडल अध्यक्ष देवेंद्र अवस्थी पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी पूर्व शिक्षक सुरेंद्रनाथ उमराव तथा डॉ राम भक्त वर्मा समेत सभी पदाधिकारियों ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया वहीं सभी पदाधिकारियों ने अपने-अपने वक्तव्य प्रस्तुत किये इस मौके पर सभी जगह भारतीय जनता पार्टी के समर्थक व पदाधिकारी भारी संख्या में मौजूद रहे

# घर में लगी भीषण आग धू-धू कर जली गृहस्थी

#### बुरी तरह झुलसा मासूम चिकित्सकों ने उपचार किया जारी

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद के किशुनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव मडौली में विगत रात्रि रविवार प्रातः सोमवार को एक मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण सुनील निषाद के घर भीषण आग लगी घर में मजदूर की पत्नी अपने बच्चों के साथ रात में सो रही थी जबकि मजदूर सुनील निषाद किसी आवश्यक कार्य के लिए बाहर गया था देर रात अचानक लगी आग ने कुछ ही समय में भयानक रूप धारण कर लिया वहीं बचाव करने में पत्नी तथा छह माह का मासूम बुरी तरह झुलस गया आनन-फानन सभी लोगों ने अपने प्राण बचाए वही घर में रखी पूरी गृहस्थी खाद्यान्न का सामान कपड़े तथा अन्य घरेलू सामान जलकर खाक हो गए भयंकर आग को देखकर भारी संख्या में ग्रामीण जुट गए तथा काफी मशक्कत के बाद आज पर काबू पाया घायल बच्चे को नजदीकी अस्पताल ले गए जहां बच्चे का उपचार जारी में वही इस घटना से मजदूर को भारी हानि पहुंची इस मामले की जानकारी लेने पर उप जिलाधिकारी अभिनीत कुमार ने बताया कि राजस्व लेखपाल तथा टीम को मौके पर जांच के लिए भेजा जाएगा वहीं आगजनी में हुई हानि का यथा संभव सहायता करने का आश्वासन दिया

# खागा तहसील सभागार में जिलाधिकारी ने सुनी जन समस्याएं



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के खागा तहसील सभागार अंतर्गत समाधान दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद की जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स द्वारा की गई समाधान दिवस में मौजूद जनपद की मुखिया ने कार्यक्रम अंतर्गत बेसिक शिक्षा माध्यमिक शिक्षा स्वास्थ्य चकबंदी विद्युत आवास सभी सरकारी पेंशन राजस्व पुलिस प्रशासन महिला कल्याण जल निगम नलकूप समेत सभी विभागों की समस्याओं को सुना समाधान दिवस में लगभग 267 लोगों ने प्रार्थना पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई जहां जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से पूछताछ कर 28 मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया वहीं जिला अधिकारी ने कहा कि शेष शिकायतों का निस्तारण संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी अभिलंब जांच करते हुए करें शिकायतों का निस्तारण बिना किसी लापरवाही के पारदर्शिता पूर्ण होना चाहिए इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी दुर्गेशदीप उपजिलाधिकारी अभिनीत कुमार नायब तहसीलदार तहसीलदार जिला विकास अधिकारी समेत सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी तथा भारी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे

# पुलिस ने कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया

#### नोएडा में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए

अमन लेखनी समाचार



नोएडा ,पुलिस अधिकारियों ने जेवर क्षेत्र में आगामी कांवड़ यात्रा की तैयारियों का जायजा लिया। शाम करीब 7 बजे ग्रेटर नोएडा के पुलिस उपायुक्त रवि शंकर निम और अपर पुलिस उपायुक्त संतोष कुमार ने थाना कासना, दनकौर और रबूपुरा क्षेत्रों में कांवड़ मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया।यह निरीक्षण पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के निर्देशन और अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. राजीव नारायण मिश्र के पर्यवेक्षण में किया गया। अधिकारियों ने कांवड़ मार्ग पर संवेदनशील स्थलों, बैरिकेडिंग, डायवर्जन प्वाइंट, यातायात व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, चिकित्सा सहायता और पार्किंग जैसी श्रद्धालुओं की सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि कांवड़ मार्ग पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण या अवरोध नहीं होना चाहिए। सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।पुलिस अधिकारियों ने यात्रा के दौरान लगातार गश्त, प्रभावी यातायात प्रबंधन और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए।

# नोएडा मेट्रो की लिंक लाइन का बदला अलाइनमेंट

#### सेक्टर-44 के बाहर से गुजरेगी लाइन, 1 किमी बढ़ा रूट

अमन लेखनी समाचार



नोएडा,नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) ने बॉटेनिकल गार्डन से सेक्टर-142 तक प्रस्तावित एक्वा लिंक लाइन परियोजना के अलाइनमेंट में बदलाव कर दिया है।सेक्टर-44 के निवासियों की आपत्ति के बाद यह फैसला लिया गया है। पहले मेट्रो लाइन सेक्टर के अंदर से गुजरने वाली थी, लेकिन अब इसे सेक्टर-44 के बाहर से निकाला जाएगा।इससे परियोजना की लंबाई एक किलोमीटर बढ़ गई है और लागत में करीब 100 करोड़ रुपये का इजाफा होने की संभावना है।एनएमआरसी के अनुसार, इस परियोजना को चार साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके शुरू होने से करीब दो लाख लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही ग्रेटर नोएडा और जेवर एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी दिल्ली-एनसीआर के अन्य हिस्सों से और बेहतर होगीब्लू और मैजेंटा लाइन से मिलेगा सीधा कनेक्शननई लिंक लाइन बॉटेनिकल गार्डन स्टेशन पर दिल्ली मेट्रो की ब्लू लाइन और मैजेंटा लाइन से जुड़ेगी। इससे नोएडा, ग्रेटर नोएडा और जेवर एयरपोर्ट की ओर आने-जाने वाले यात्रियों को बेहतर इंटरचेंज सुविधा मिलेगी।संशोधित योजना के अनुसार, मेट्रो लाइन बॉटेनिकल गार्डन स्टेशन से शुरू होकर सेक्टर-44 स्थित एमिटी इंटरनेशनल स्कूल के गेट नंबर-4 के सामने ग्रीन बेल्ट तक पहुंचेगी, जहां पहला स्टेशन बनाया जाएगा।

# लाइनमैन की पोल से गिरकर मौत

#### काम करते समय तबीयत बिगड़ी, ग्रामीणों ने शव सड़क पर रख लगाया जाम

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर , सिकंदराबाद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम भोरा में एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहाँ बिजली विभाग में तैनात एक संविदा लाइनमैन अमित कुमार (33) की ड्यूटी के दौरान पोल से गिरकर मौत हो गई। घटना से गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने बिजली विभाग की संवेदनहीनता के खिलाफ सिकंदराबाद-जेवर मार्ग स्थित वैर फ्लाईओवर पर शव रखकर जाम लगा दिया और उचित मुआवजे की मांग की।

#### पोल पर चढ़ते ही बिगड़ी तबीयत

परिजनों और चश्मदीदों के मुताबिक, भोरा निवासी अमित कुमार पिछले आठ वर्षों से बिजली विभाग में संविदा पर कार्यरत थे और अपने परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। शनिवार को वे गांव में ही बिजली लाइन को ठीक करने के लिए पोल पर चढ़े थे। इसी दौरान अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई। बताया जा रहा है कि पोल के ऊपर ही उन्हें अचानक उल्टी आई, जिससे उनका संतुलन बिगड़ गया और वे सीधे ऊंचाई से नीचे आ गिरे। जमीन पर गिरते ही अमित को गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

#### ग्रामीणों ने फ्लाईओवर पर लगाया जाम

हादसे के बाद गांव में कोहराम मच गया। ग्रामीणों का आरोप है कि घटना की तुरंत सूचना दिए जाने के बावजूद बिजली विभाग का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। विभाग की इस बेरुखी से नाराज होकर परिजनों और ग्रामीणों ने सिकंदराबाद-जेवर मार्ग (वैर फ्लाईओवर के पास) पर अमित का शव रखकर रोड जाम कर दिया। प्रदर्शनकारी पीड़ित परिवार के लिए न्याय और उचित मुआवजे की मांग पर अड़े रहे।

# जिलाधिकारी ने गरौठा तहसील परिसर में किया वृक्षारोपण

### वन विभाग के कार्यों की सराहना की

अमन लेखनी समाचार




गरौठा (झांसी)। वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत सोमवार, 6 जुलाई 2026 को जनपद झांसी की गरौठा तहसील परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी झांसी गौरांग राठी रहे। उन्होंने तहसील परिसर में औषधीय एवं छायादार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी गौरांग राठी ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि ₹वृक्षारोपण केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।₹ उन्होंने पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए सभी से पौधारोपण को जन आंदोलन बनाने की अपील की। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम के दौरान वन विभाग द्वारा वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत किए जा रहे पौधारोपण एवं जनजागरूकता कार्यों की सराहना करते हुए विभाग की सक्रियता की प्रशंसा की। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी सुनील कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी पीयूष कुमार, उप प्रभागीय वनाधिकारी (एसडीओ) मऊरानीपुर, क्षेत्रीय वनाधिकारी (आरएफओ) जगदंबा पाठक बामौर, क्षेत्रीय वनाधिकारी (आरएफओ) राधेश्याम दिवाकर गुरसराय, तहसील प्रशासन के अधिकारी, वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी सुरक्षा का संदेश दिया।

# संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सुनीं जनसमस्याएं




अमन लेखनी समाचार/अभिषेक सिंह

हरदोई/संडीला। सोमवार को जनपद हरदोई की तहसील संडीला में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों पर अधिकारियों को गंभीरता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। विशेष रूप से भूमि विवादों के मामलों में राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर संयुक्त टीम के माध्यम से मौके पर पहुंचकर निष्पक्ष एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों से कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का पारदर्शी, त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

# आईजी पंकज नैन की मौजूदगी में प्रतिभा सम्मान समारोह, शिक्षा और उत्कृष्टता का दिया संदेश

अमन लेखनी समाचार




कुरुक्षेत्र। अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला, कुरुक्षेत्र द्वारा भारतीय सिविल सेवा परीक्षाओं, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं युवाओं के सम्मान में भव्य ₹प्रतिभा सम्मान समारोह₹ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज की 36 बिरादरी के मेधावी विद्यार्थियों एवं युवाओं को सम्मानित कर शिक्षा, प्रतिभा और सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा पुलिस के आईजी पंकज नैन रहे। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. चित्रलेखा शर्मा, डॉ. सतबीर कादियान, श्री रेशम सिंह, संत गोपाल दास, दिल्ली फ्लाइंग क्लब के डायरेक्टर अनिल शर्मा, दिल्ली फायर सर्विस के अधिकारी एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डॉ. धर्मपाल भारद्वाज, जय हिंद मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश शर्मा तथा पूर्व कुलपति डॉ. रणपाल उपस्थित रहे मुख्य अतिथि एवं अन्य वक्ताओं ने कहा कि प्रतिभाशाली युवाओं का सम्मान केवल उनकी उपलब्धियों का अभिनंदन नहीं, बल्कि समाज की आने वाली पीढ़ियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, शोध और नवाचार ही विकसित भारत की मजबूत नींव हैं तथा समाज को ऐसे विद्यार्थियों का निरंतर उत्साहवर्धन करना चाहिए। समारोह में संघ लोक सेवा आयोग (वढरउ) की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले स्वाति आर्य (रैंक 366), शगुन मेहरा (रैंक 618), निकिता वर्मा (रैंक 30), एकांश ढुल (रैंक 3), अध्ययन बाजपेयी (रैंक 414), सिमरनजीत कौर (रैंक 15), अनन्य राणा (रैंक 60) तथा जयंत गर्ग (रैंक 64) को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त भूवैज्ञानिक अभिनव पुनिया, अंतरराष्ट्रीय पत्रकार सोनल नैन, विश्व बैंक में कार्यरत भारतीय अर्थशास्त्री गरिमा नैन तथा भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (इअफउ) की साइंटिफिक ऑफिसर प्रियंका चहल को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में यूजीसी-नेट जेआरएफ उत्तीर्ण शोधार्थियों के साथ-साथ हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की दसवीं एवं बारहवीं कक्षाओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्वतंत्र समूह सेवा समिति एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय पूर्व छात्र एसोसिएशन द्वारा बोर्ड परीक्षा के मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर रहबरे आजम दीनबंधु सर छोटूराम लाइब्रेरी का विधिवत उद्घाटन भी किया गया। अतिथियों ने विश्वास व्यक्त किया कि यह पुस्तकालय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए ज्ञान और प्रेरणा का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा।

## खास समाचार

# आर पी आई के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री अविनाश माहतेकर का जन्मदिन चेंबूर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

अमन लेखनी समाचार



मुंबई: पूर्व मंत्री और आर पी आई के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश माहतेकर का जन्मदिन गत दिनों रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के दक्षिण मध्य मुंबई जिला अध्यक्ष संजय डोलसे के नेतृत्व में चेंबूर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जन्मदिन समारोह में बड़ी संख्या में आर पी आई के नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे। पूर्व मंत्री अविनाश माहतेकर को रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया दक्षिण मध्य मुंबई के जिला अध्यक्ष संजय डोलसे ने फूलों का गुलदस्ता देकर उन्हें जन्मदिन पर शतायु होने की शुभकामनाएं दी। जबकि कार्य सम्राट नगरसेवक महादेव शिवगण ने अविनाश माहतेकर को तुम जियो हजारों साल, साल के दिन हो पच्चास हजार स्लोगन कहते हुए बधाई दी। पूर्व मंत्री अविनाश माहतेकर के जन्मदिन समारोह के इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगरसेवक महादेव शिवगण, आर पी आई जिला अध्यक्ष संजय डोलसे, सुभाष साल्वे सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# मिजार्पुर-लोकप्रियता बनी मुसीबत, मंडलीय अस्पताल के डॉ.राजकुमार को फर्जी मरीजों से फंसाने की साजिश

अमन लेखनी समाचार

मीरजापुर। मंडलीय अस्पताल के हड्डी विभाग में पिछले कई वर्षों से तैनात डॉ. राजकुमार गरीब मरीजों के बीच ₹मसीहा₹ के रूप में जाने जाते हैं। सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक ओपीडी में मरीज देखते हैं और 3 दर्जन से अधिक सफल ऑपरेशन कर चुके हैं। उनकी लोकप्रियता के कारण दूसरे हड्डी डॉक्टर के पास मरीज कम हो गए। लोकप्रियता से नाराज कुछ दबंगों ने सोची-समझी साजिश के तहत 2 लोगों को मरीज बनाकर भेजा। डॉ. राजकुमार ने हमेशा की तरह अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में बताया और कहा ₹बाहर अधिक पैसे लगेंगे, आप कहीं न जाएं, निशुल्क उपचार यहीं हो जाएगा।₹ बातचीत का कुछ हिस्सा काटकर बदनाम करने की नियत से वायरल किया गया। पूरा वीडियो नहीं दिखाया गया। गरीबों की सेवा करने वाले डॉक्टर को निशाना बनाना निंदनीय।

# दुद्धी पुलिस द्वारा पॉक्सो अधिनियम के प्रकरण में विधि-विरुद्ध बालक (किशोर अपचारी) को किया गया निरुद्ध

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी दुद्धी वी.पी. साहनी के कुशल मार्गदर्शन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक दुद्धी के नेतृत्व में थाना दुद्धी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। थाना दुद्धी पर पंजीकृत मु0अ0सं0-249/2025, धारा 137(2), 64 बीएनएस एवं 3/4 पॉक्सो अधिनियम से संबंधित प्रकरण में वांछित एक विधि-विरुद्ध बालक (किशोर अपचारी) को आज दिनांक 05.07.2026 को मुखबिर की सूचना के आधार पर हिदेश्वर मंदिर, लउवा नदी के पास, थाना दुद्धी से निरुद्ध किया गया। निरुद्ध किए गए किशोर अपचारी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करने के उपरांत उसे माननीय किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# जिलाधिकारी ने चौथामील सरकार पर वाटर कूलर फ्रीजर का किया शुभारंभ,



अमन लेखनी समाचार

गरौठा (झांसी)। सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस के समापन के बाद जिलाधिकारी झांसी गौरांग राठी गरौठा क्षेत्र स्थित चौथामील सरकार पहुंचे, जहां उन्होंने श्रद्धालुओं एवं राहगीरों की सुविधा के लिए स्थापित वाटर कूलर फ्रीजर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। कार्यक्रम के दौरान क्रेशर संचालक सुशील गुप्ता के पुत्र मयंक गुप्ता ने जिलाधिकारी का पुष्पगुच्छ एवं प्रभु श्रीराम की प्रतिमा भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। बताया गया कि चौथामील सरकार से प्रतिदिन क्षेत्र के अनेक गांवों के लोगों का आवागमन रहता है। विशेषकर गर्मी के मौसम में श्रद्धालुओं एवं राहगीरों को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यहां वाटर कूलर फ्रीजर स्थापित कराया गया है। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने इसका शुभारंभ करते हुए इस जनहितकारी पहल की सराहना की। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने चौथामील सरकार परिसर में पौधारोपण किया और कहा कि पेड़-पौधे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आधारशिला हैं। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने भी पर्यावरण संरक्षण एवं जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में रिहायशी मड़हा जला, भैंस झुलसी, गृहस्थी राख

अमन लेखनी समाचार

मीरजापुर। जिगना थाना क्षेत्र के बौंता बिशेषर गांव में रविवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग से एक रिहायशी मड़हा जलकर राख हो गया। आग की चपेट में आने से खूंटे से बंधी भैंस झुलस गई। ग्रामीणों ने समरसेबल पंप की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक घर में रखा अधिकांश सामान जल चुका था। गांव निवासी माताम्बर बिंद का रिहायशी मड़हा बस्ती के बीच स्थित है। रविवार दोपहर करीब 2:30 बजे अचानक मड़हे से आग की लपटें उठने लगीं। आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घर में मौजूद महिलाओं और बच्चों ने किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। सूचना पर जुटे ग्रामीणों ने समरसेबल मोटर पंप चलाकर आग बुझाई। पीड़ित माताम्बर बिंद ने बताया कि आग कैसे लगी, इसका पता नहीं चल सका है। उन्होंने आशंका जताई कि किसी ने रंजिशन आग लगाई हो सकती है।

# गीत और कठिन योगाभ्यास के जरिए करें योग, रहें निरोग का दिया गया संदेश

### -कई योग साधकों को भी किया गया सम्मानित।

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पतंजलि योग परिवार सोनभद्र द्वारा रविवार को प्रातःकाल मारवाड़ी धर्मशाला में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान गीत व कठिन योगाभ्यास के जरिए करें योग, रहें निरोग का संदेश दिया गया। इसके साथ ही भारत स्वाभिमान राज्य प्रभारी भगवान सिंह व पतंजलि योग समिति राज्य प्रभारी दुर्गेश योगी जी को अंगवस्त्र व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। वहीं योग के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने पर वरिष्ठ पत्रकार राजेश पाठक को राज्य प्रभारी द्वय के जरिए अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।इसके अलावा कई योग साधकों को भी सम्मानित किया गया। पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी रबि प्रकाश त्रिपाठी व भारत स्वाभिमान जिला महामंत्री सुनील कुमार चौबे के नेतृत्व व नगर संरक्षक दिनेश लाल श्रीवास्तव तथा तहसील प्रभारी दिलीप कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन व जिला संरक्षक मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता व भारत स्वाभिमान राज्य प्रभारी भगवान सिंह के गरिमामय उपस्थिति में पतंजलि योग समिति राज्य प्रभारी उत्तर प्रदेश पूर्व दुर्गेश योगी जी को लखनऊ में योग गौरव सम्मान प्राप्त होने पर सम्मान समारोह का कार्यक्रम हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम राज्य प्रभारीगण के द्वारा शंख ध्वनि के साथ दीप प्रज्वलन के पश्चात प्रातः कालीन योगाभ्यास कराया गया तथा योग से होने वाले लाभ को विस्तृत तरीके से बताया गया, दयानंद मौर्य व बहन पूनम जी के द्वारा बहुत सुंदर गीत प्रस्तुत की गई ,योगी सूरज चौबे, राकेश साहनी व नन्हा योगी अमृत राज द्वारा कठिन से कठिन योगाभ्यास कराया गया। राज्य प्रभारी भारत स्वाभिमान भगवान सिंह जी की गरिमामय उपस्थिति में जनपद सोनभद्र के भारत स्वाभिमान जिला प्रभारी वीरेंद्र योगी, पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी रबि प्रकाश त्रिपाठी,किसान सेवा समिति जिला प्रभारी अरुण कुमार यादव ,युवा भारत जिला प्रभारी मयंक दुबे,सोशल मीडिया राज्य प्रभारी बहन पल्लवी जी, नगर संयोजक दिनेश लाल श्रीवास्तव , ओम प्रकाश यादव, सुनील कुमार श्रीवास्तव, विमल कुमार सिंह, गोपाल दास केसरी, जिला संगठन मंत्री मोहर देव पांडेय , पतंजलि योग समिति सह जिला प्रभारी दिनेश कुमार पाठक, रामकुमार त्रिपाठी, शैलेश कुमार ,मिथिलेश कुमार सिंह, बहन पूर्णिमा जी तथा उपस्थित योग साधकों के द्वारा योग गौरव सम्मान प्राप्त होने पर, पतंजलि योग समिति राज्य प्रभारी भ्राता दुर्गेश योगी जी को अंग वस्त्र,पगड़ी तथा स्वयं का चित्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पतंजलि योग परिवार सोनभद्र के सभी संगठनो के पदाधिकारी व योग साधक उपस्थित रहे,

# सीएमओ डॉ शिशिर पुरी ने किया सीएचसी गरौठा का निरीक्षण

### व्यवस्थाएं मिलीं संतोषजनक

अमन लेखनी समाचार




झाँसी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गरौठा का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। डिस्पेंसरी कक्ष का निरीक्षण करते हुए दवाओं के रख-रखाव, उपलब्धता एवं अभिलेखों की समीक्षा की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने दवाओं के दैनिक उपभोग (डेली कंजम्पशन) रजिस्टर को अधिक पारदर्शी, अद्यतन एवं सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। साथ ही सभी अभिलेखों का नियमित संधारण, दवाओं का समुचित प्रबंधन तथा अस्पताल की स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश भी दिए।मौके पर डॉ. विमल कुमार अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बामौर मौजूद रहे एवं केंद्र प्रभारी डॉ.राहुल गुप्ता सहित डॉ.विवेक सोनी, शैलेश यादव बीपीएम, विनोद साहनी बी ए एम, सीताराम रजक, दिनेश सोनी, कृष्ण गोपाल , अमित राय, अमित सचान, कामिनी स्टॉफ नर्स, आदि स्टॉफ मौजूद रहा !

# मारकुंडी में विकसित होगा नया औद्योगिक क्षेत्र, रोजगार की होगी भरमार

- 50 एकड़ में विकसित होगा सरदार वल्लभभाई पटेल रोजगार एवं औद्योगिक क्षेत्र।
- रोजागार के लिए युवाओं का पलायन रोकने को योगी सरकार की अनूठी पहल।
- अत्याधुनिक औद्योगिक क्षेत्र में उपलब्ध होंगी सभी हाईटेक सुविधाएं।
- युवाओं को अब प्रशिक्षण, रोजगार व स्वरोजगार एक ही मंच पर हो सकेगा उपलब्ध।
- गुरमा मोड़ से औद्योगिक क्षेत्र तक 16 करोड़ की लागत से बनाई जाएगी सड़क।

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। देश में सर्वाधिक बिजली का उत्पादन करने वाला सोनभद्र जिला अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में औद्योगिक विकास की ओर तेजी से बढ़ रहा है। प्रदेश सरकार की विकासवादी सोच से जिले में बड़ी परियोजनाएं लगातार धरातल पर उतर रही हैं, जिनमें हजारों युवाओं को रोजगार प्राप्त हुआ है। इसी कड़ी में युवाओं को विश्वस्तरीय कौशल विकास प्रशिक्षण, रोजगार व स्वरोजगार के अवसर एक ही मंच पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से योगी सरकार सरदार वल्लभभाई पटेल रोजगार एवं औद्योगिक क्षेत्र विकसित करेगी। जिला प्रशासन ने 50 एकड़ में विकसित होने वाले इस अत्याधुनिक औद्योगिक क्षेत्र के लिए भूमि का चयन कर प्रस्ताव शासन को भेजा है। औद्योगिक क्षेत्र विकसित होने के बाद युवाओं के लिए रोजगार के भरपूर अवसर उपलब्ध होंगे, उन्हें रोजगार के लिए पलायन नहीं करना होगा साथ ही सोनभद्र की औद्योगिक पहचान को भी नई दिशा मिलेगी। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि युवाओं को प्रशिक्षण, रोजगार व स्वरोजगार एक ही मंच पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मारकुंडी में 50 एकड़ भूमि पर सरदार वल्लभभाई पटेल रोजगार एवं औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाएगा। शासन के निर्देश पर भूमि का चयन कर प्रस्ताव भेजा गया है। मंजूरी मिलते ही युद्ध स्तर पर औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अत्याधुनिक औद्योगिक क्षेत्र में स्किल डेवलपमेंट सेंटर, औद्योगिक ईकाइयां व उत्पादों के आउटलेट के निर्माण के साथ ही पर्यावरण का विशेष ख्याल रखते हुए हरित आवरण सुनिश्चित किया जाएगा। बताया कि यहां युवाओं को आईटी, एआई, रोबोटिक्स, मैन्युफैक्चरिंग इलेक्ट्रॉनिक्स ऑटोमोबाइल, ऊर्जा, लॉजिस्टिक्स, हॉस्पिटैलिटी सहित आधुनिक क्षेत्रों में उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण के उपरांत युवाओं को औद्योगिक क्षेत्र में ही रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि इस परियोजना से स्थानीय एमएसएमई, स्टार्टअप एवं नए उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, जिससे जिले में निवेश, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गरौठा तहसील में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

अमन लेखनी समाचार



गरौठा (झांसी)।शनिवार को टीईटी का पेपर होने के कारण सोमवार को तहसील सभागार गरौठा में जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता एवं एसएसपी बीबी जीटीएस मूर्ति की मौजूदगी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में अधिकारियों ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के आगमन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में फरियादी अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसील सभागार पहुंचे। समाधान दिवस के दौरान राजस्व विभाग से संबंधित 82, पुलिस विभाग के 42, विद्युत विभाग के 30, समाज कल्याण विभाग के 15 तथा अन्य विभागों के 21 सहित कुल 190 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें से 5 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपते हुए जिलाधिकारी ने निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान किसान यूनियन ने अपनी सात सूत्रीय मांगों को लेकर डीएम को ज्ञापन दिया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया , जिसमें चिकित्साधिकारी डॉ.विवेक कुमार सोनी एवं चिकित्सा प्रभारी राहुल गुप्ता सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। वहीं विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने एवं लाभार्थियों को जागरूक करने के लिए स्टॉल भी लगाए गए। समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी गरौठा सुनील कुमार, तहसीलदार अमृतलाल, क्षेत्राधिकारी पीयूष कुमार पांडे, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुरजीत सिंह, थानाध्यक्ष ककरवई योगेंद्र सिंह सहित सर्किल के सभी थाना प्रभारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# करमा पुलिस द्वारा 01 किलो 400 ग्राम अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल तथा क्षेत्राधिकारी घोरावल राजेश कुमार राय के कुशल मार्गदर्शन/के पर्यवेक्षण में जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी एवं अवैध कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना करमा पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। आज दिनांक 05.07.2026 को थाना करमा पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर गणेशपुर जाने वाले मार्ग स्थित टोला टिनहवा नहर पुलिया के पास घेराबंदी कर एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 01 किलो 400 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना करमा पर मु0अ0सं0-130/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# अब ओटीटी पर आएगी रामचरण की 'पेड्डी'

मुंबई। साउथ सुपरस्टार रामचरण की फिल्म 'पेड्डी' ने सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। अब ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने जा रही है, जिससे उन दर्शकों की खुशी दोगुनी हो गई है, जो किसी वजह से इसे बड़े पर्दे पर नहीं देख पाए थे। फिल्म पेड्डी की डिजिटल रिलीज को लेकर लंबे समय से चर्चाएं चल रही थीं और अब आखिरकार इसकी आधिकारिक घोषणा भी कर दी गई है। ऐसे में रामचरण के फैंस एक बार फिर इस फिल्म का रोमांच अपने घरों में बैठकर महसूस कर सकेंगे।

## लाइफ Style



# कृति

## ब्रेकअप की खबरें खारिज

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ डिनर डेट पर नजर आईं, जिससे उनके ब्रेकअप की अफवाहें खारिज हो गई हैं। मुंबई में पैपराजी की ओर से कैप्चर किए गए वायरल वीडियो में, कपल खुश दिख रहा था और एक ही कार में निकला, जो उनके मजबूत रिश्ते का संकेत देता है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

बता दें कि लंबे समय से बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन के रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया को एक महिला के साथ नजर आए थे। उन दोनों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी वायरल भी हुई। इसके बाद से कृति और कबीर बहिया के ब्रेकअप की अटकलें लगने लगीं। इसके बाद एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ पुरानी तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें कबीर भी नजर आएं। अब दोनों को एक साथ डिनर डेट पर जाते नजर आए है।


देर रात को मुंबई के बांद्रा में कपल डिनर डेट पर नजर आएं। वहीं, दोनों ही पैपराजी से भी बचने की कोशिश कृति और कबीर ने नहीं की। वायरल वीडियों में कपल काफी खुश नजर आ रहे हैं और पैप्स के देखकर मुस्करा रहे थे। एक ही गाड़ी में यह कपल घर की तरफ निकला। इससे कयास लगाए जा रहे हैं कि इनके रिश्ते में कोई दूरी नहीं आई। कई मीडिया रिपोर्ट्स में बताया है कि कबीर के साथ वायरल तस्वीरों में दिखी लड़की, उनकी फैमिली फ्रेंड है, जिसे वह अपनी बहन की तरह मानते हैं। हाल ही में कृति सेनन की फिल्म 'कॉकटेल 2' रिलीज हुई है। इस फिल्म को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला और इसने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छी कमाई की।

## हॉलीवुड मसाला




# टेलर-ट्रैविस की शादी में चमकीं सेलेना

लॉस एंजेसिल। हॉलीवुड जगत की सबसे चर्चित शादियों में से एक, पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट और अमेरिकी फुटबॉलर ट्रैविस केल्स की शादी में टेलर स्विफ्ट की लगभग 18 साल पुरानी और बेहद करीबी दोस्त सेलेना गोमेज मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं, जो शादी में टेलर की ब्राइड्समेड बनी थीं। सेलेना गोमेज ने अपनी दोस्त टेलर स्विफ्ट की शादी के कार्यक्रमों के दौरान प्रसिद्ध फैशन ब्रांड ऑस्कर डे ला रेंटा की दो खूबसूरत ड्रेस पहनीं। रिहर्सल डिनर के मौके पर उन्होंने काले रंग का स्लीवलेस गाउन और डिजाइनर जूते पहने।





# फ्री में नहीं देख सकेंगे हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन'

लॉस एंजेलिस। इस साल की सबसे बड़ी हॉरर सरप्राइज साबित हुई 'ऑब्सेशन' को प्राइम वीडियो और एप्पल टीवी जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज तो कर दिया गया है, लेकिन फिलहाल यह फिल्म प्लेटफॉर्म के सब्सक्राइबर्स के लिए मुफ्त में उपलब्ध नहीं है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसे देखने के लिए दर्शकों को पैसे चुकाने होंगे। फिल्म को खरीदने के लिए 24.99 डॉलर (लगभग 2,000 रुपए) और किराये पर लेकर देखने के लिए 19.99 डॉलर (लगभग 1,600 रुपए) की कीमत तय की गई है। मेकर्स इस महीने के अंत में इसके फुल-फ्लेज्ड स्ट्रीमिंग रिलीज की घोषणा कर सकते हैं, लेकिन उसकी सटीक तारीख अभी साफ नहीं है। जो लोग इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए थे, उन्हें फिलहाल इसे किराए पर लेकर या खरीदकर ही देखना होगा।



# पहली फिल्म के बारे में विद्या का खुलासा

मुंबई। मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन ने अपनी पहली हिंदी फिल्म 'परिणीता' से लोगों का दिल जीत लिया था। लेकिन बॉलीवुड में कदम रखना उनके लिए आसान नहीं था। खबर के अनुसार, सिमी गरेवाल के टॉक शो में विद्या बालन ने उस पल को याद किया, जब उन्हें इस फिल्म 'परिणीता' के लिए चुना गया था। विद्या ने बताया कि वे इस फिल्म के लिए कई ऑडिशन दे चुकी थीं और उन्हें लगभग लग रहा था कि वे रिजेक्ट हो चुकी हैं। विद्या ने बताया, 'मैं मशहूर सिंगर एनरिक के एक कॉन्सर्ट में थी। मैंने अपना फोन बंद कर रखा था, ताकि कोई परेशान न करे। मेरे साथ मेरा एक दोस्त था, जो फिल्म के डायरेक्टर प्रदीप सरकार को जानता था। जब प्रदीप सरकार ने मेरे दोस्त को फोन किया और पूछा कि विद्या कहां है?



# सेंसर बोर्ड के पेंच में सल्लू की फिल्म

मुंबई। सलमान खान की फिल्म 'मातृभूमि' सेंसर बोर्ड के पेंच में फंस गई है और कहा जा रहा है कि फिल्म को सर्टिफिकेट नहीं मिल पाया है। यह फिल्म इसी साल पहले अप्रैल में और फिर स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज होनी थी। हालांकि, अब तक मेकर्स ने इसकी रिलीज को लेकर घोषणा नहीं की है। वहीं अब खबर है कि सीबीएफसी ने सलमान की इस फिल्म को अभी सर्टिफिकेट नहीं दिया है और इसे लेकर कोशिश जारी है। कहा जा रहा है कि सेंसर बोर्ड से इस फिल्म को क्लीयरेंस सर्टिफिकेट नहीं दिया गया है। सलमान की 'मातृभूमि' को लेकर कहा जा रहा था कि ये इस साल अगस्त में स्वतंत्रता दिवस वाले वीकेंड पर सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। हालांकि, न तो फिल्ममेकर्स की ओर से रिलीज डेट और न ही सेंसर बोर्ड से किसी तरह की दिक्कतों पर किसी तरह की कोई बात कही है।

## टीवी मसाला

# 'लॉकअप 2' में आकांक्षा का चौंकाने वाला खुलासा

मुंबई। चर्चित अभिनेता गौरव खन्ना की पत्नी आकांक्षा चमोला इन दिनों 'लॉकअप सीजन 2' में नजर आ रही हैं। इस शो को फराह खान और रितेश देशमुख होस्ट कर रहे हैं। शो में एंट्री करने के साथ ही आकांक्षा ने अपनी निजी जिंदगी को लेकर ऐसा खुलासा किया कि सबको तगड़ा झटका लगा। उन्होंने बताया था कि उनका और गौरव खन्ना का तलाक हो रहा है। अब निजी जिंदगी पर उन्होंने एक और हैरान करने वाली बात कही है। आकांक्षा चमोला 'लॉकअप 2' में एक के बाद एक बड़े खुलासे कर रही हैं। हाल ही में उन्होंने शो में खुद को बाइसेक्सुअल बताया। उन्होंने स्पष्ट किया की गौरव खन्ना से शादी से पहले उनके लड़कियों के साथ रिलेशन रहे। आकांक्षा ने कहा, 'मैं शादी से पहले बायसेक्सुअल थी। मेरे कुछ लड़कियों के साथ रिलेशन रहे हैं। बहुत ज्यादा इंटिमेट रिलेशन नहीं रहे हैं, लेकिन मैं कुछ लड़कियों के साथ रिलेशनशिप में रही हूं। बस वही है। मुझे लड़कियां पसंद हैं। मैं लड़कियों की तरफ आकर्षित होती हूं। मुझे लगता है कि यही मेरा सेफ स्पेस है'। आकांक्षा चमोला के इस खुलासे के बाद नेटिजंस की सोशल मीडिया पर अलग-अलग प्रतिक्रिया आ रही है। कुछ लोग इस बात को उनका पब्लिसिटी स्टंट करार दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि शो में ट्रेंड रहने के लिए और टीआरपी के लिए यह सब ड्रामा है।



# फिल्म के टाइटल विवाद पर विराम



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर की आगामी बायोपिक फिल्म 'ईथा' (**Eetha**) के नाम को लेकर चल रहा विवाद अब सुलझता नजर आ रहा है। यह फिल्म महाराष्ट्र की मशहूर लावणी और तमाशा कलाकार दिवंगत विठाबाई नारायणगांवकर के जीवन पर आधारित है। पिछले दिनों परिवार के ही एक सदस्य के फिल्म के टाइटल पर आपत्ति जताए जाने के बाद विवाद खड़ा हो गया था। हालांकि, अब विठाबाई की सबसे बड़ी बेटी ने सामने आकर इस पूरे मामले पर परिवार का रुख साफ कर दिया है और फिल्म के नाम का पूरा समर्थन किया है।

आने वाली फ़िल्म का टाइटल तब बहस का विषय बन गया जब ऐसी खबरें आईं कि विठाबाई के पोते मोहित नारायणगांवकर ने 'ईथा' नाम पर आपत्ति जताई और मांग की कि टाइटल में दिवंगत कलाकार का पूरा नाम शामिल किया जाए। इस विवाद पर बात करते हुए, विठाबई की सबसे बड़ी बेटी, 75 वर्षीय मंगला बनसोडे करावडीकर ने चिंताओं को खारिज कर दिया और बताया कि परिवार पूरी तरह से इस टाइटल का समर्थन करता है। उन्होंने कहा, हमें फ़िल्म के टाइटल से कोई आपत्ति नहीं है। मैंने मोहित से बात की है और उनसे अनुरोध किया है कि वे इस बारे में आगे कोई बयान न दें। यह टाइटल सही है क्योंकि उन दिनो, जिन गांवों में मेरी मां परफॉर्म करती थीं, वहां के लोग अक्सर उन्हें 'ईथा' कहकर बुलाते थे।

## विक्की मानसून में भी कर रहे जोरदार वर्कआउट



मुंबई। हिंदी सिनेमा में बहुत कम समय में अपने अभिनय से पहचान बना चुके एक्टर विक्की कौशल फिटनेस को लेकर काफी सजग रहते हैं। उन्होंने फिटनेस के प्रति अपनी पूरी लगन की एक झलक फैंस के साथ साझा की। एक्टर ने अपने वर्कआउट सेशन का एक वीडियो शेयर किया और कहा कि कोई छुट्टी नहीं है। विक्की ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो क्लिप शेयर किया और कैप्शन में लिखा कि नो डेज ऑफ। वीडियो में एक्टर जबरदस्त 'बेयर क्रॉल' एक्सरसाइज करते हुए दिख रहे हैं। अनुशासित फिटनेस रूटीन बनाए रखने के लिए मशहूर विक्की अक्सर सोशल मीडिया पर अपने जिम सेशन की झलकियां फैंस के साथ शेयर करते रहते हैं। विक्की अब संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के साथ नजर आएंगे।

# तमन्ना ने किया लीना संग बैंकॉक में स्टेज शेयर...

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया और के-पॉप ग्रुप ब्लैकपिंक की सिंगर लीजा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों बैंकॉक के एक इवेंट में साथ नजर आ रही हैं। इस वीडियो में लीजा ने तमन्ना को हाथ जोड़कर नमस्ते करने के अंदाज ने फैंस का दिल जीत लिया है, जिसके बाद दोनों के बीच किसी कोलेबोरेशन की अटकलें लगाई जा रही हैं।हाल ही में बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने 'ब्लैकपिंक' की सिंगर लीजा के साथ पोज देती नजर आई हैं। सोशल मीडिया पर इस समय उनका वीडियो लीजा के साथ काफी वायरल हो रहा है। तमन्ना में शानदार एक्टिंग और डांस के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस बैंकॉक के एक इवेंट में पहुंचीं और वहां पर मशहूर 'ब्लैकपिंक' की सिंगर के साथ नजर आई है।




## पहले मिलता था कलाकारों को सुधार करने का मौका : मधु

# आज की अभिनेत्रियां शुरुआत से ही होती हैं परफेक्ट

*मुंबई। 90 के दशक की चर्चित अभिनेत्री मधु ने अपनी फिल्मों से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई थी। उन्होंने 'फूल और कांटे', 'रोजा', 'जेंटलमैन' और 'योधा' जैसी कई यादगार फिल्मों में काम किया। वह लंबे समय तक फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा रहीं। मधु का मानना है कि उनके दौर की अभिनेत्रियों को खुद को निखारने और दर्शकों के बीच अपनी पहचान बनाने का समय मिलता था, जबकि आज की अभिनेत्रियों के सामने शुरुआत से ही खुद को साबित करने की बड़ी चुनौती होती है।*

### अब जल्द आ जाता है नया चेहरा

मधु ने कहा, हम सभी का करियर काफी लंबा रहा। मैंने अपनी इच्छा से करीब 9 साल बाद फिल्मों से दूरी बना ली, लेकिन मेरी साथ की अभिनेत्रियां लगातार काम करती रहीं। उन्होंने समय के साथ खुद को बदला, नए किरदार अपनाए और दर्शकों के बीच अपनी जगह बनाए रखी। आज की अभिनेत्रियों को इतना लंबा समय नहीं मिल पाता। वे पहली ही फिल्म में बेहद खूबसूरत और पूरी तरह तैयार नजर आती हैं, कुछ फिल्में करती हैं और फिर उनके जगह पर कोई नया चेहरा आ जाता है।



### अभिनेत्रियों के सामने बड़ी चुनौती

मधु ने आगे कहा, हमारे समय का फायदा यह था कि शुरुआत में परफेक्ट न होने के बावजूद हमें खुद को साबित करने का मौका मिलत था। आज की अभिनेत्रिया शुरुआत से ही परफेक्ट होती हैं, लेकिन उन पर पहली ही फिल्म से अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव रहता है। उन्हें काफी सपोर्ट मिलता है, लेकिन अगर पहली फिल्म में दर्शकों को प्रभावित नहीं कर पाईं तो उनके लिए आगे बढ़ना मुश्किल हो जाता है।

### हमें मिलता था दूसरा मौका

मधु ने अपना उदाहरण देते हुए कहा, अगर दर्शकों को हम पसंद नहीं आते थे, तो हमें दूसरा और तीसरा मौका भी मिलता था। मेरे 9 साल के करियर में हर फिल्म मेरे लिए सीखने का एक नया अवसर थी। मैं शुरुआत में उतनी अच्छी नहीं थी, लेकिन धीरे-धीरे बेहतर होती गई। दर्शकों ने मुझे खुद को सुधारने का समय दिया। मेरी पहली फिल्म 'फूल और कांटे' में मैं बेस्ट नहीं थी, लेकिन लोगों ने मुझसे जुड़ाव महसूस किया। इसके बाद मुझे अपने अभिनय के साथ-साथ हेयरस्टाइल, मेकअप और स्क्रीन प्रेजेंस जैसी चीजों में भी सुधार करने का मौका मिला।